(कमलाचण्डी ग्रन्थमाला - ३)

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

(लक्ष्मी-प्रयोग)

सम्पादक

'कुलमार्तण्ड' पं. मधुसूदन प्रसाद शुक्ल

सहायक

विकास थपलियाल 'शिवम'

कमलाचण्डी ग्रन्थमाला-३

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

(लक्ष्मी-प्रयोग)

संकलन एवं सम्पादन

''कुलमार्तण्ड'' - मधुसूदन प्रसाद शुक्ल

सहायक

विकास थपलियाल 'शिवम'

प्रकाशक

श्री मधुसूदन प्रकाशन

पो०ओ० जाखचौरा,

टिहरी गढ़वाल - 249130 (उत्तराखण्ड)

प्रकाशक :

श्री मधुसूदन प्रकाशन
पो0ओ0 - जाखचौरा
टिहरी गढ़वाल - 249130 (उत्तराखण्ड)
दूरभाष - 09760219141, 09761797511
09997979276, 09997021142
mail : vikasthapliyal31@gmail.com

© सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण 2014 (अक्षय तृतीया)

मूल्य 120/- मात्र

मुख्य प्राप्ति स्थान :

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन 'वाराणसी'
फोन - 0542-2335263

कर्म सिंह अमर सिंह 'हरिद्वार'
फोन - 01334-225619

सोनी बुक डिपो 'ऋषिकेश'
मो0 - 9897424215

जुगल किशोर 'देहरादून'
मो0 - 9897550570

धार्मिक पुस्तक भण्डार 'ऋषिकेश'
मो0 - 9897274427

दुर्गा पुस्तक भण्डार 'इलाहाबाद'
फोन - 0532-2400470

चौखम्बा सीरिज ऑफिस 'वाराणसी'
फोन - 0542-2333458

सरदार सोहन सिंह 'इन्दौर'
फोन - 0731-2532344

ड्रोलिया बुक्स 'हरिद्वार'
मो0 - 09837300687

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस 'दिल्ली'
फोन - 011-32996391

अग्रवाल बुक डिपो 'दिल्ली'
फोन - 011-23936116

रत्नेश्वर पुस्तक 'बीकानेर'
फोन - 0151-2549712

प्रताप (C.M.) 'बैंगलोर'
मो0 - 09538995156

गिरी ट्रेडर्स 'चेन्नई'
मो0 - 09551688070

उमेश बेनरजी, वीरभूमि 'प. बंगाल'
मो0 - 09474311271

अमोल देशपाण्डे, नांदेड़ (महाराष्ट्र
मो0 - 09921121171

उमेश, संगम विहार (महाराष्ट्र)
मो0 - 09423166382

महावीर प्रसाद भट्ट (देहरादून)
मो0 - 09411184063

टाईपसेटिंग :

कृष्णा कम्यूनिकेशन्स, ऋषिकेश

मुद्रक : सहारनपुर इलैक्ट्रिक प्रैस, सहारनपुर
फोन : 0132-2644343, 2643366

विषयानुक्रमणिका

विषया:

(क) रूपं देहि जयं देहि ...१

(ख)प्राभातिक-कृत्य

(१) गुरू-वन्धना ...७

(२) प्रातः स्तोत्र ...८

(३) भूमि वन्दना ...८

(४) शौच विधि ...८

(५) दन्त-धावन ...६

(६) स्नान-विधि ...६

(७) तान्त्रिाक-सन्ध्या ..१०

(ग) संक्षिप्त-अर्चन-विधि

(८) पापोत्सादन ..१२

(६) सामान्य अर्घ्य स्थापन ..१२

(१०) द्वार-पूजा ..१२

(११) आसन-शोधन ..१३

(१२) संकल्प ..१४

(१३) पुष्पादि-शोधन ..१४

(१४) प्राणायाम ..१५

(१५) भूत-शुद्धि ..१५

(१६) लघु-प्राण-प्रतिष्ठा ..१६

(१७) मातृका-न्यास ..१७

(१८) वहिर्मातृका-न्यास ..१८

(१६) वाग्देवता-न्यास ..२०

(२०) मानसोपचार पूजन ..२०

(२१) मानसिक हवन ..२२

(घ) बहिर्याग

(२२) पात्र-स्थापन ..२३

(२३) श्रीयंत्र-प्रतिष्ठा ..२३

(२४) पूजन ..२५

(२५) आवरण-पूजन ..२७

(२६) दारिद्र्यध्वंसिनि अर्चन ..३२

(२७) पंच बलि-विधान ..४१

(२८) वटुक बलि ..४२

(२६) योगिनी बलि ..४२

(३०) क्षेत्रपाल बलि ..४३
(३१) गणेश बलि ..४३
(३२) सर्वभूत बलि ..४४
(३३) विसर्जन ..४६
(३४) उच्छिष्ट चाण्डालिनी अर्चन ..४६
(३५) पात्र-उद्वासन ..४७
(३६) उच्छिष्ट भैरव-बलि ..४८
(३७) श्री ललिता-महालक्ष्मी स्तोत्र ..४९
(३८) श्री लक्ष्मी हृदय स्तोत्रम् ..५४
(३९) कल्याणवृष्टि स्तोत्रम् ..६१
(४०) कनकधरा-स्तोत्रम् ..६८
(४१) सर्वसाम्राज्य-लक्ष्मी मंत्र प्रयोग ..७५
(४२) आवरण-अर्चन ..७७
(४३) दारिद्र्य निवारण प्रयोग ..८०
(४४) सर्वदेव कृत लक्ष्मी स्तोत्रम् ..८२
(४५) दरिद्रता नाशक सूक्त ..८३
(४६) श्री सूक्त-विधान ..८४
(४७) आवरण-अर्चन ..८९
(४८) श्री-सूक्त के विभिन्न प्रयोग ..९२
(४९) श्री-सूक्त ..९३
(५०) शीघ्र विपुल सम्पत्ति-प्राप्ति-प्रयोग ..९५
(५१) श्री लक्ष्मी कृपा प्रदायक सिद्ध स्तोत्र ..९६
(५२) श्री महालक्ष्मी-ललिता स्तोत्र ..९९
(५३) श्री महालक्ष्मी अष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र .१०१
(५४) श्री सिद्ध लक्ष्मी स्तोत्रम् .१०५
(५५) धनदा स्तोत्रम् .१०९

रूपं देहि जयं देहि

यद्यपि आर्य जीवन-दर्शन में मोक्ष को सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ तथा सन्यास को सर्वश्रेष्ठ आश्रम माना गया है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि मन्त्र दृष्टा ऋषियों ने सांसारिक जीवन की सर्वथा उपेक्षा की हो अथवा आर्थिक-सम्पन्नता को हेय दृष्टि से देखा हो। वेद समस्त ज्ञान के भण्डार हैं, अध्यात्म और परमार्थवाद के उत्स हैं लेकिन न तो उनमें शुष्क ब्रह्मवाद है और न ही पलायनवादी अध्यात्मिकता। वेदों ने न तो संसार को दुःखों का मूल माना है और न सांसारिक जीवन को बोझ कहा है। ऐहिक जीवन के प्रति वैदिक ऋषियों की बड़ी ही सन्तुलित एवं जीवन्त दृष्टि रही है। इसीलिए वेदों में पचासों ऐसे सूक्त हैं, सैकड़ों ऐसी स्तुतियाँ हैं जिनमें सुखी और समृद्ध जीवन की याचना की गई है। देवताओं से धन तथा ऐश्वर्य, सम्पन्नता एवं वीरता और यश तथा आरोग्य के लिए प्रार्थना की गई है। उनकी कामना थी-

जीवेम शरदः शतम्। पश्येम शरदः शतम्। श्रुणुयाम शरदः शतम्। गोत्रं नो वर्द्धताम्। दातारो नोऽभिवर्द्धन्ताम्।

खूब जियें! खूब देखें और सुनें। हमारा वंश खूब बढ़े। दाता लोगों की अभिवृद्धि हो। धन-धान्य और सन्तति खूब बढ़े। गायें बहुत दूध दें। बैल खूब खेत जोतें। समय पर पर्याप्त वर्षा हो ताकि भरपूर फसल हो-

दोग्धी धेनुर्वोढानडवान्........निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु। फलवत्यो नः ओषधयः पच्यन्ताम्। योगक्षमो नः कल्पताम्। (यजु०२२/२२)

केवल दूध और दही ही नहीं, मानव जीवन की खुशहाली के लिये आवश्यक ऐसी कौन सी वस्तु है, जिसकी अभिवृद्धि के लिये वैदिक ऋषियों ने स्तुति नहीं की हो। इस सन्दर्भ में यजुर्वेद का सम्पूर्ण १८ वां अध्याय दृष्टव्य और पठनीय है। इस अध्याय में नेतृत्व-क्षमता, धारणा शक्ति, सम्पत्ति-रक्षण का सामर्थ्य एवं ज्ञान-विज्ञान तथा धन-द्रव्यादि के साथ ही धातु अयस्कों, मिट्टी, पहाड़, पर्वत, वनस्पति, सोना, लोहा, सीसा और टिन आदि धातुओं की निरन्तर अभिवृद्धि हेतु प्रार्थना की गई है-

अश्मा व मे मृत्तिका च मे गिरयश्च मे पर्वताश्च मे सिकताश्च मे वनस्पतयश्च मे हिरण्यं च मे.......लोहञ्च मे सीसञ्च मे त्रपुञ्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्॥१३॥

ऋग्वेद के सुप्रसिद्ध श्री सूक्त में अग्नि देव तथा भगवती लक्ष्मी से स्वर्ण,

रजत, मणि-माणिक्य, गाय आदि पशुधन आदि की याचना की गई है तो लक्ष्मीसूक्त में **"धनं वायुः धनमग्निः"** आदि कहकर न केवल पर्यावरण की शुद्धता पर जोर दिया गया है अपितु इस ऋचा के माध्यम से इस तथ्य पर जोर दिया है कि मानव जीवन को खुशहाल बनाने वाली हर एक वस्तु धन है। इस तरह धन-सम्पत्ति को, समृद्धि एवं सम्पन्नता को प्रशंसास्पद निरुपित किया गया है। राजे-महाराजे और श्रेष्ठि-वर्ग ही नहीं अपितु वैभवशाली आचार्यों और ऋषियों को **"महाशालः महाश्रोत्रियः"** कहकर गौरवान्वित किया गया है (छान्दोग्य उपनिषद् - ५/११/१) मुण्डकोपनिषद् में **"शौनको ह वै महाशालः"** का उल्लेख है।

पौराणिक युग में भी यह आनन्दवादी वैदिक विचारधारा अन्तः सलिला की तरह प्रवह मान रही। पौराणिक काल में भी हमने भगवती से यही प्रार्थना की - **"भगं भगवति देहि मे"** हे भगवति! मुझे भग प्रदान करिये। यह भग क्या है? ऐश्वर्य, वीर्य (वीरता) यश, सम्पन्नता (श्री), ज्ञान एवं वैराग्य-इस विभूति षट्क की सामूहिक संज्ञा 'भग' है -

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य, वीर्यस्य यशसः श्रियः।
ज्ञान वैराग्ययोश्च, षणां भग इतीरिता॥

इस विभूति षट्क से ही जीवन का उदात्त-सौन्दर्य है। इस विभूति-पटक का किञ्चित् अंश पा कर मानव-जीवन दमक उठता है। यह जीवन-सौन्दर्य ही 'रूप' है, जिसकी याचना 'अर्गला' स्तोत्र में बार-बार की गई है -

रूपं देहि, जयं देहि, यशो देहि द्विषो जहि

हे देवि माते! मुझे रूप दो, जय दो, मेरे शत्रुओं का संहार करो। यहाँ रूप शब्द केवल शारीरिक सौन्दर्य का पर्याय नहीं है। आरोग्यता, वीरता, बुद्धिमत्ता तथा श्री-सम्पन्नता आदि समस्त जीवन-सौन्दर्य इसमें समाहित है। इसी जीवन-सौन्दर्य से व्यष्टि और समष्टि जीवन की शोभा है। इसी शोभा के कारण जीवन के प्रति मनुष्य का आकर्षण है, यह जीवन-सौन्दर्य ही जिजीविषा का मूल है।

प्रकृति का नियम है पूर्णिमा के धवल चन्द्रमा को ही ग्रहण लगता है। इसीतरह कालान्तर में इस उदात्त-जीवन-दर्शन को ग्रहण लग गया। हम व्यष्टि और समष्टि जीवन के प्रति इस उदात्त दर्शन को सायास भूलने लगे। नवीनता के नाम पर भ्रान्त जीवन दर्शन के व्यामोह में संसार को दुःखों का मूल बता कर जीवन से पलायन को प्रोत्साहन दिया जाने लगा। संसार-त्याग के नाम पर अकर्मण्यता और अहिंसा के नाम पर कायरता को वरीयता दी जाने लगी। अकर्मण्यताजन्य दरिद्रता एवं विपन्नता को नियति एवं प्रारब्ध समझकर उनके समक्ष घुटने टेकने की सीख दी गई हम गीता-पाठ तो करते रहे लेकिन अहिंसा के नाम पर कायरता को शास्त्र सम्मत सिद्ध करना विद्वता की कसौटी बन गया। हम दीपावली पर लक्ष्मी पूजन की रस्म का निर्वाह तो करते रहे मगर यह भूल गए कि जब तक दरिद्रता का मकड़ जाल फैलाकर अलक्ष्मी देवी हमारे घरों में दृढ़ता के साथ काबिज हैं, भगवती लक्ष्मी का गृह-प्रवेश किस तरह

होगा? लक्ष्मी और अलक्ष्मी न तो एक साथ रह सकती हैं और न ही अलक्ष्मी के रहते भगवती लक्ष्मी हमारे घरों में आ ही सकती हैं। अतः भगवती लक्ष्मी के शुभागमन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सर्वप्रथम हमें अलक्ष्मी देवी को हमारे घरों से निकल कर दूर चले जाने के लिए कहना ही पड़ेगा -

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठाम्
अलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्।।
अभूतिमसमृद्धिञ्च
सर्वान्निर्णुद मे गृहात्।।८।।

भूख और प्यास से विकल तथा मलिन स्वरूप वाली ज्येष्ठा-अलक्ष्मी अपनी सारी गरीबी और कंगाली को लेकर मेरे घर से निकल जायें। 'श्री-सूक्त' की इस ऋचा में अलक्ष्मी को ज्येष्ठा कहा गया है क्योंकि वे भगवती लक्ष्मी की सगी बड़ी बहिन हैं। पद्म पुराण में इसका विस्तार से निरूपण है।

अलक्ष्मी की कथा -

पद्म पुराण के अनुसार भगवान् शिव के कहने पर देवताओं ने समुद्र मन्थन के बाद क्षीर सागर का मन्थन किया। इसके फलस्वरूप सागर से ज्येष्ठा देवी प्रकट हुई। वे कुरूपा हैं, वस्त्र काले और गले में लाल फूलों की माला। वे भूख और प्यास से विकल हैं। उन्होंने देवताओं से पूछा - मैं क्या करूं और कहां रहूं? देवताओं ने उन्हें उनके रहने के स्थान बता दिये। तब से वे गन्दे स्थानों में रहती हैं। इस कथा में आगे बताया गया है कि दीपावली की रात को दरिद्रता रूपिणी 'अलक्ष्मी' का निस्सारण करना चाहिए। एतदर्थ घर के बाहर गोबर की पुतली बनायें। उस पुतली को अलक्ष्मी मानकर इस प्रकार ध्यान करें -

अलक्ष्मीं कृष्ण वर्णां द्विभुजां कृष्ण वस्त्र परिधानाम्।
लोहाभरण भूषितां च शर्करा चन्दन चर्चिताम्।।
गृह सम्मार्जनी हस्तां, गर्दभारूढां कलहप्रियाम्।

गृह सम्मार्जनी अर्थात् झाड़ू। इस प्रकार ध्यान करने के बाद पुतली की ओर पीठ करके उल्टे हाथों से उस पर काले फूल चढ़ायें और उसे घर छोड़कर चले जाने के लिए कहें -

अलक्ष्मि! त्वं कुरूपाऽसि, कुत्सित स्थान वासिनी
सुख रात्रौ मया दत्तां गृहाण् पूजां शाश्वतीम्।।
दारिद्य कलह प्रिये, देवि! त्वं धन नाशिनी।
याति शत्रोर्गृह नित्यं, स्थिरा तत्र भविष्यसि।।
गच्छ त्वं मन्दिरं शत्रोः, गृहीत्वा चाऽशुभं मम।
मदाश्रयं परित्यज्य, स्थिरा तत्र भविष्यसि।।

अलक्ष्मि! तुम बदसूरत हो, कुरूपा हो। गन्दे स्थानों में रहती हो। तुम धन का नाश करती हो। दरिद्रता और कंगाली तुम्हें प्रिय है। तुम्हें सुख और शान्ति नहीं चाहिए।

लड़ाई-झगड़ा और कलह तुम्हें पसन्द है। तुम्हारे कारण मेरे घर में जो-जो अशुभता आ गई हैं, उन सबको अपने साथ लेकर आज ही रात की रात मेरे घर से निकल जाओ। जाकर मेरे शत्रुओं के घर में पनाहलो। वहीं स्थिर होकर रहो।

इन श्लोकों में देवी अलक्ष्मि की सारी नञात्मक विशेषताओं का समास रूप में निरूपण किया गया है। देवी अलक्ष्मि जहाँ बैठती हैं-दरिद्रता पसर जाती है, आर्थिक विपन्नता का नर्तन होने लगता है। वे जिस व्यक्ति के सिर पर हाथ रख देती हैं, उसकी विद्वता और कुलीनता का अवमूल्यन हो जाता है। उसके सद्‌गुणों की कोई कीमत नहीं रह जाती। मानवोचित सम्मान से भी वंचित ऐसे ओजक्षीण व्यक्ति को न तो घर में चैन मिलता है और न बाहर। दर-दर भटकने के लिए विवश ऐसे व्यक्ति के लिए जिन्दगी बोझ बन जाती है। इससे यह स्वयं सिद्ध है कि **'अर्थो मूलं अनर्थानाम्'** (धन-दौलत ही सारे अनर्थों की जड़ है) की उद्‌घोषणा से महज आत्म-वंचना है। यथार्थ यह है कि सुखी और सन्तुष्ट जीवन के लिए धन चाहिए। इसीलिए आर्ष जीवन-दर्शन में अर्थ (धन) की परिगणना पुरुषार्थ चतुष्टय में द्वितीय क्रम (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) पर की गई है, और आधुनिक पाश्चात्य जीवन-दर्शन तो पूर्णत: अर्थ-मूलक है ही। दोनों ही इस बात पर सहमत हैं कि सांसारिक सुखोपभोग की सारी भौतिक वस्तुओं की अधिप्राप्ति का साधन या माध्यम 'धन' है।

मगर व्यष्टि और समष्टि जीवन तथा जीवन-लक्ष्य के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के कारण धन की प्रयोजनीयता और अर्थवत्ता के विषय में उनका नजरिया अलग-अलग है। आज के अर्थ-मूलक भौतिकवादी जीवन-दर्शन के अनुसार मानव योनि पशुओं के समान भोग-योनि है, यह नश्वर शरीर ही आत्मा है तथा ऐहिक सुखों का अधिक से अधिक भोग करना मानव जीवन का एक मात्र लक्ष्य है। अत: धन की प्रयोजनीयता अधिकाधिक विलास-सामग्रियों की अधिप्राप्ति एवं संग्रहण तक परिसीमित है और येन-केन प्रकारेण धन-अर्जित करना मानवीय श्रम की इति श्री है।

इसके बर-अक्स आर्ष जीवन दृष्टि के अनुसार न तो मानव-शरीर आत्मा है और न मनुष्य-योनि भोग-योनि है। शाश्वत आत्म-तत्त्व इस पञ्चभूत नश्वर शरीर से सर्वथा पृथक है। यह संसार एक यात्रा पथ है, मानव-जीवन एक यात्रा है, सांसारिक सुख-विलास पाथेय हैं, धन-सम्पत्ति आदि इस पाथेय की अधिप्राप्ति के साधन हैं और इस पंचभूतात्मक संसार से आत्म-तत्त्व का मुक्ति लाभ मानव-जीवन का लक्ष्य है। साधन को साध्य नहीं बनाया जा सकता। अतएव आत्मदेव की संसार-यात्रा के लिये प्रकृति-प्रदत्त पञ्च भूतों से निर्मित शरीर की सुरक्षा, समर्थता, सबलता तथा साधन-सम्पन्नता के लिये अनिवार्य होने के बावजूद धन-सम्पदा एवं अन्य सांसारिक सुख गौण हैं मगर इनका आकर्षण इतना प्रबल है कि मानव-मन इनके ही पाश में उलझकर अपने परम लक्ष्य को भूल जाता है। पाथेय के आकर्षण-पाश रूपी चक्र व्यूह से बच निकलने का एक ही रास्ता है-एक ही तरीका है-त्याग पूर्वक इनका उपभोग। इनका चाहे जितना उपभोग करो मगर सर्वथा तटस्थ बने रहो। इसीलिए वेद भगवान् का आदेश है -

'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्'

किसी अन्य के धन का लालच मत करो। अपने भी धन का त्याग पूर्वक उपभोग करो। अपने ही धन का त्याग पूर्वक उपभोग करने से उसके प्रति आकर्षण एवं अनुराग कम होता जायेगा।

एक सहज जिज्ञासा! क्या इस जागतिक सुख का संज्ञान होते ही त्याग नहीं किया जा सकता? ऐसा करना असम्भव है। प्रत्येक व्यक्ति जन्म से ही शुकदेव मुनि नहीं होता। जागतिक सुख का हठात् त्याग भयावह होता है। फिर एक बात और। यदि भोग नहीं है तो किसका त्याग, कैसा त्याग। भोग रहित त्याग नपुंसक के ब्रह्मचर्य की तरह अर्थ हीन है। अतः त्याग को चरितार्थ करने के लिए भोग आवश्यक है, और भोग के लिए भोग-सामग्री एवं तदर्थ धन-सम्पत्ति एवं वैभव। विडम्बना यह है कि समाज में सभी व्यक्तियों को प्रारब्ध वश भोग सामग्री की प्राप्ति एक बराबर नहीं होती। कुछ जन्म से ही सम्पन्न होते हैं, कुछ अर्ध सम्पन्न होते हैं तथा समाज में विपन्न लोगों की ही संख्या अधिक होती है। कुछ ऐसे लोग होते हैं जिन्हें थोड़ी मेहनत का अधिक फल मिलता है और ऐसे लोग भी होते हैं जो दिन-रात मेहनत करते हैं। तब उन्हें केवल दाल-रोटी मिल पाती है। ऐसे ही विपन्न एवं हतभाग्य लोगों के लिए वेदों-पुराणों और आगम ग्रन्थों में सम्पन्नता एवं समृद्धि प्राप्त करने अनुष्ठान और प्रयोग बताये गये हैं। ऐसे ही कतिपय अनुष्ठान प्रस्तुत ग्रन्थ में संग्रहित हैं।

प्रश्न यह है कि क्या इन अनुष्ठानों और प्रयोगों से विपन्न-प्रारब्ध को प्रभावहीन या समाप्त करके सम्पन्नता प्राप्त की जा सकती है? दरिद्रता को समाप्त किया जा सकता है? यदि 'हां' तो क्यों और कैसे?

अनुष्ठान-रहस्य

इन प्रश्नों के समाधान के सन्दर्भ में हमें यह स्मरण रखना होगा कि पशुओं आदि की तरह मनुष्य-योनि केवल भोग-योनि नहीं है। यद्यपि उसे प्रारब्ध का भोग करना पड़ता है मगर इसके साथ ही प्रकृति ने मनुष्य को कर्म करने की इच्छा, ज्ञान, स्वतंत्रता, क्षमता और शक्ति प्रदान की है। प्रकृति का यह भी नियम है कि कोई भी कर्म फलहीन नहीं होता। प्रत्येक कर्म का फल मिलना निश्चित है। चूंकि ये अनुष्ठान और प्रयोग मनो-आध्यात्मिक कर्म हैं, अतः इनका भी फल मिलना निश्चित है। अब सवाल यह है कि इन कर्मों का फल कितना और कब मिलेगा? इस प्रश्न का उत्तर कई बातों पर निर्भर है।

पहली बात तो यह कि प्रारब्ध में ऋणात्मकता कितनी है, देनदारी कितनी है? अठन्नी देकर सैकड़ों रुपयों की देनदारी नहीं निपटायी जा सकती। शास्त्रों में गन्त्र-सिद्धि के लिए जो जप संख्या बताई गई है अथवा अनुष्ठानों के दिनों की जो संख्या विहित की गई है, वह मध्यम-मान है। अतः यदि प्रारब्ध में ऋणात्मकता अधिक है तो मात्र एक या दो अनुष्ठान करने से वह पूर्णतः समाप्त नहीं होगी। एतदर्थ ऋणात्मकता के अनुरूप एक से अधिक अनुष्ठान करने पड़ेंगे। कई अनुष्ठानों के

फलस्वरूप जब प्रारब्ध की ऋणात्मकता पूर्णतः प्रभावहीन हो जायेगी, उसके बाद किये जाने वाले अनुष्ठानों का फल मिलेगा। यदि बीच में ही अनुष्ठान क्रम बन्द कर दिया गया तो ऋणात्मकता कुछ कम जो जरूर हो जायेगी मगर अनुष्ठानों का यथेष्ट सकारात्मक फल नहीं मिलेगा।

दूसरी बात यह कि ये अनुष्ठान उसी समय सकारात्मक होंगे जब इन्हें पूरी निष्ठा के साथ यथा-विहित शास्त्रीय विधि एवं नियम के साथ सम्पन्न किया जाये। विधि में जरा सी भी त्रुटि, रंच मात्र भी क्रम विहीनता या नियमों की जरा सी भी अवहेलना से इनकी फलवत्ता संदिग्ध हो जायेगी। कारण यह कि ये अनुष्ठान भी यज्ञ रूप हैं और 'यज्ञ' का एक नाम 'मख' है। मख अर्थात् छिद्र रहित। जिस तरह कलश में छोटा सा भी छेद हो जाने पर सारा पानी बह जाता है, उसी तरह अनुष्ठान विधि में जरा सी त्रुटि उसे फलविहीन बना देती है।

अब रहा यह सवाल कि ये अनुष्ठान किस तरह फलीभूत होते हैं? अनुष्ठान करके हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने से अनुष्ठानों का फल नहीं मिलता। अनुष्ठान के साथ उद्यम और परिश्रम करना पड़ता है। उद्यम रूपी वृक्ष में अनुष्ठानों के फल लगते हैं। होता यह है कि प्रारब्ध की ऋणात्मकता के कारण उद्यम और परिश्रम का जो वृक्ष सूखकर फलहीन हो गया था, उसे ये अनुष्ठान फलदार और छायादार बना देते हैं। अनुष्ठानों की सार्थकता और फलवत्ता का यही रहस्य है।

धन्यवाद ज्ञापन

इस ग्रन्थ के प्रणयन के लिए मैं सर्वप्रथम श्री मधुसूदन प्रकाशन के उन्नायक एवं प्रेरणा स्रोत पूजनीय स्वामी श्री शत्रुघ्नदास के प्रति आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने वीतरागी होते हुए भी जन-कल्याण हेतु प्रस्तुत ग्रन्थ के निबन्धन की प्रेरणा दी। श्री मधुसूदन प्रकाशन के स्वत्वाधिकारी चिरं. विकास थपलियाल 'शिवम्' के प्रति मैं अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस ग्रन्थ को प्रकाशित कर श्रद्धालु साधकों और पाठकों को उपलब्ध कराया। सर्वाधिक धन्यवाद के पात्र वे पाठक होंगे जो इस ग्रन्थ में निबन्धित अनुष्ठानों और प्रयोगों को यथा-विधि सम्पादित करके भारत की इस प्राचीन परम्परा को जीवन्त बनाये रखेंगे। भगवती 'श्री' उनके जीवन को सुखी और समृद्ध बनायें।

निवेदक

राम-नवमी
'प्लवंग' २०७१ विक्रमी
८/४/२०१४

'कुल मार्तण्ड' मधुसूदन प्रसाद शुक्ल
१३२, अग्रवाल कालोनी
प्रियदर्शनी नगर, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
मो0-+९१-९७५५३८९९८५

प्राभातिक-कृत्य

॥ श्री गणेशाय नमः॥

॥ गुरु-वन्धना ॥

साधक ब्रह्म-मुहूर्त में निद्रा त्यागकर शय्या पर ही पद्मासन में बैठकर स्व-शिर में स्थित सहस्र-दल-कमल कर्णिका मध्य-स्थित चन्द्र-मण्डल में हंस पीठ पर विराजमान श्री गुरूदेव का ध्यान करें:-

श्वेतं श्वेत-विलेप-माल्य वसनं वामेन रक्तोत्पलम्,
विभ्रत्या प्रिययेतरेण तरसाश्लिष्टं प्रसन्नाननम्।
हस्ताभ्यामभयं वरं च दधतं शम्भु-स्वरूपं परम्,
हाला-घूर्णित-लोचनोत्पलं-युग्मं ध्याये शिरस्थं पदम्॥

ध्यान के पश्चात श्री गुरू देव का मनसोपचार पूजन करें-

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीगुरु अमुकानन्दनाथ तच्छक्त्यम्बा
श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।
हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीगुरु अमुकानन्दनाथ तच्छक्त्यम्बा
श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।
यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीगुरु अमुकानन्दनाथ तच्छक्त्यम्बा
श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।
रं वह्नयात्मकं दीपं श्रीगुरु अमुकानन्दनाथ तच्छक्त्यम्बा
श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं श्रीगुरु अमुकानन्दनाथ तच्छक्त्यम्बा
श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।
शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं श्रीगुरु अमुकानन्दनाथ तच्छक्त्यम्बा
श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।

इसके बाद गुरु-पादुका मंत्र का यथा शक्ति जप कर श्रीगुरु देव का स्तवन • करें-

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य, ज्ञानाञ्जन शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन, तस्मै श्री गुरवे नमः॥१॥
नमस्ते नाथ भगवन्, शिवाय गुरु रूपिणे।
विद्यावतार संसिध्यै, स्वीकृतानेक विग्रहे॥२॥

इसके बाद अपने गुरुदेव द्वारा प्राप्त मूल मन्त्र (विद्या) का विनियोग न्यासादि सहित यथा शक्ति जप करें। जप के बाद पुनः ध्यान न्यासादि करके देवता को जप

समर्पित कर दें।

इसके बाद 'प्रातः स्तोत्र' का पाठ करें।

प्रातर्नमामि जगतां जनन्याश्चरणांबुजम्।
श्रीमत् त्रिपुरसुन्दर्याः नमितायाः हरादिभिः॥१॥
प्रातः त्रिपुरसुन्दर्याः नमामि पदपंकजम्।
हरिर्हर विरञ्चिश्च सृष्ट्यादि कुरुते यतः॥२॥
प्रातः त्रिपुर सुन्दर्याः नमामि चरणाम्बुजम्।
यत् पादमम्बु शिरसि भाति गंगा महेशितुः॥३॥
प्रातः पाशाङ्कुश शरचाप हस्तां नमाम्यहम्।
उद्यदादित्य संकाशां श्रीमत् त्रिपुर सुन्दरीं॥४॥
प्रातः नमामि पादाब्जं ययेदं भासते जगत्।
तस्या (यस्या) त्रिपुरसुन्दर्याः यत्प्रसादान्निवर्त्तते॥५॥

फल श्रुति

यः श्लोक पञ्चकमिदं प्रातः नित्यं पठेन्नरः।
तस्मै दद्यात् आत्मपदं श्रीमत् त्रिपुर सुन्दरी॥

प्रार्थना

त्रैलोक्य चैतन्य मये परेशि
श्रीनाथ नित्ये भवदाज्ञयैव।
प्रातः समुत्थाय तव प्रियार्थे
संसार यात्रामनुवर्त्तयिष्ये॥
जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः।
जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः।
त्वया च सर्वेशि! हृदि स्थितया
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि॥

स्तोत्र पाठ के अनन्तर स्वयं की सच्चिदानन्द रूप में भावना कर गुरु, देवता और आत्मा की एकता का ध्यान करें।

- **भूमि-वन्दना-**

ॐ समुद्र मेखले देवि!, पर्वतस्तन मण्डले।
विष्णु पत्नि! नमस्तुभ्यं, पादस्पर्श क्षमस्व मे॥

पलंग पर बैठे-बैठे ही यह वन्दना करें। उस समय जिस नासापुट से श्वास चल रहा है, वही पैर पहले भूमि पर रखकर शयन कक्ष से बाहर जायें। बाहर जाकर आम-अश्वत्थ-वट आदि कुल वृक्षों का दर्शन एवं नमन करें।

शौच-विधि

गृह से बाहर निकलकर नैर्ऋत्य या वायव्य दिशा में एकान्त में जाकर निम्न

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

मंत्र से तीन बार ताली बजायें।

गच्छन्तु ऋषयो देवाः, पिशाचा यक्ष-राक्षसाः।
पितृ-भूत-गणाः सर्वे, करिष्ये मल-मोचनम्॥

शौच क्रिया से निवृत्त होकर मिट्टी तथा जल से हाथ-पैर धोकर बारह (१२) बार कुल्ला कर आचमन करें।

दन्त-धावन

आचमन के बाद वनस्पति से प्रार्थना करें -

आयुर्बलं यशोवर्चः प्रजा-पशु-वसूनि च।
ब्रह्म-प्रज्ञा च मेधां च त्वं नो देहि वनस्पते॥

विहित आकार एवं वृक्ष की दातुन लेकर यह संकल्प पढ़ें -

मुख दुर्गन्ध नाशाय, रदानाञ्च विशुद्धये।
ष्ठीवनाय च गात्राणां, कुर्वेऽहं दन्तधावनम्॥

इसके बाद- **''ॐ क्लीं कामदेवाय सर्वजन प्रियाय ज्वल-ज्वल**
प्रज्वल-प्रज्वल सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा।''

मंत्र पढ़ते हुए दन्तधावन करके मूल-मंत्र पढ़कर मुख को धोयें।

स्नान-विधि

स्वच्छ वस्त्रादि लेकर तीर्थादिक अर्थात् नदी या तालाब पर जायें वहां पहुंचकर साफ स्थान पर अस्त्र मंत्र (फट्) से जल छिड़क कर वस्त्रादि रख दें, हाथ पैरों को धोकर आचमन करके तीर्थ देवता को प्रणाम कर वैदिक स्नान करके तांत्रिक स्नान करें। संकल्प-

ॐ अद्येत्यादि0 अमुक शर्माऽहं/वर्माऽहं/गुप्तोऽहं/ममात्मनः श्रुतिस्मृति-पुराणोक्त फलावाप्तये एतन्मंत्र-प्रतिबन्धकाशेष-पाप-क्षय पूर्वक अमुक देवता प्रीत्यर्थे स्नानं करिष्ये।

शिर में गुरुदेव तथा ह्रदय में देवता का ध्यान कर मानस-पूजा करें। इसके बाद अंकुश मुद्रा ''क्रों'' से सम्मुख जल में तीर्थों का आवाहन करें-

ॐ गंगे च यमुने चैव, गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥

फिर 'वं' धेनु मुद्रा से जल का अमृतीकरण कर मत्स्य मुद्रा द्वारा आच्छादन (ढक कर)करके तीर्थ शक्ति का ध्यान करें-

सर्वानन्द - मयीमशेष - दुरित - ध्वंसां मृगाङ्कप्रभाम्।
त्र्यक्षां चोर्ध्व-कर-द्वयेन, दधतीं पाशं-सृणिं च क्रमात्।
दोर्भ्यां चामृत-पूर्ण हेम-कलशं मुक्ताक्ष-मालां वरम्।
गङ्गा-सिन्धु-सरिद्-वरादि-सहितां श्रीतीर्थ-शक्तिं भजे॥

ध्यान के पश्चात मूल मंत्र से तीन बार शिर का प्रोक्षण करें तथा मूल मंत्र से ही शरीर में शुद्ध मृत्तिका लगाकर जल में तीन बार डुबकी लगायें। मूल मंत्र का जप

करते हुए किनारे आकर निम्न मंत्र से तीन बार जलाञ्जलि दें-

असुरा-भूत-वेतालाः कूष्माण्डा ब्रह्म राक्षसाः।
ते सर्वे तृप्तिमायान्तु मया दत्तेन वारिणा॥

जल से बाहर निकल कर धुले हुए वस्त्र पहनकर शिखा बन्धन करें-

ऊर्ध्वकेशि विरुपाक्षि, मान्स-शोणित भोजनि।
तिष्ठ देवि शिखा मध्ये, चामुण्डेत्यपराजिते॥

इसके बाद मूल मंत्र से सात बार अभिमंत्रित कर यज्ञीय, भस्म, चन्दन अथवा जल से ही तिलक करें।

गृह-स्नान विधि

यदि साधक वृद्ध हो, रोगी हो अथवा अन्य किसी कारण वश बाहर जाकर (नदी, तालाबादि में) स्नान करने में असमर्थ हो तो उसे घर में ही स्नान करना चाहिए यदि वह चाहे तो कुछ गरम जल से बिना शिर भिगोये भी स्नान कर सकता है।

पत्थर अथवा लकड़ी के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठकर, हाथ पैरों को धोकर तीन वार कुल्ला करके आचमन करे। इसके बाद शिखाबन्धन कर संकल्प करें-

अद्येत्यादि0..................अमुक देवता प्रीत्यर्थे गृहे प्रातः स्नानमहं करिष्ये।

स्नानीय जल में तीर्थों का आवाहन कर इष्ट देव स्मरण पूर्वक स्नान करें।

॥ तान्त्रिक-सन्ध्या॥

वैदिक-सन्ध्या करके तांत्रिक सन्ध्या करें।

संकल्प - **अद्येत्यादि0 अमुक देवता प्रीत्यर्थे अमुक-सन्ध्यां करिष्ये।**

आचमन - **ॐ ऐं आत्मतत्वं शोधयामि स्वाहा।**
ॐ क्लीं विद्यातत्वं शोधयामि स्वाहा।
ॐ सौः शिवतत्वं शोधयामि स्वाहा।

मूल-मन्त्र से प्राणायाम कर, शिखा बन्धन करके शुद्ध जल में 'ॐ गङ्गे च यमुने च'' इत्यादि मंत्र पढ़कर अंकुश मुद्रा 'क्रों' द्वारा सूर्य-मण्डल से तीर्थो का आवाहन करें। कुछ जल बायें हाथ में लेकर दाहिने हाथ से ढक करके 'हं यं रं वं लं' इन पांच-भौतिक मंत्रों से तीन बार अभिमंत्रित कर अंजलि से गिरते हुए जल बिन्दुओं द्वारा शिर पर सात बार प्रोक्षण करें।

अघ-मर्षण -

दाहिने हाथ में पुनः जल लें। इस जल को वाम-नासापुट तक लायें और इडा नाडी से उक्त जल को खींचकर शरीर के भीतर ले जाने की भावना करें। कुछ क्षणों के बाद यह भावना करें कि वह जल के भीतर के सभी आन्तरिक कल्मषों को धोकर पिंगला (दाहिनी) नाड़ी से बाहर निकल आया है। विकृतियों और कल्मषों को धोने के कारण वह काला पड़ गया है। इस जल को दाहिने हाथ से बायें हाथ में लेकर उसे सामने परिकल्पित वज्र शिला (चट्टान) पर अस्त्र मंत्र (फट्) का जप करते हुए पटक दें।

इस प्रकार 'अघमर्षण' कर हाथों को धोयें।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

मूल-मन्त्र से आचमन कर अर्घ्य-पात्र में जल लेकर "ॐ ब्रह्मानन्द-भैरवः सशक्तिकस्तृप्यतां" से तीन बार तर्पण करके 'गुरु-चतुष्टय' का तर्पण करें। तदनन्तर सम्मुख स्थित जल में यंत्र की भावना कर "ॐ कालाग्नि-रूद्रं तर्पयामि" इत्यादि मंत्रों से पीठ देवताओं को एक-एक अंजलि प्रदान कर देवी का ध्यान करें-

प्रातः कालीन ध्यान-

प्रातर्ब्राह्मी रक्त-वर्णा, द्विभुजां च कुमारिकाम्।
कमण्डलुं तीर्थ-पूर्णमक्ष-मालां च विभ्रतीम्॥
कृष्णाजिनाम्बर-धरां, हन्सारूढां शुचि-स्मिताम्॥

मध्यान्ह-कालीन-ध्यान-

मध्याह्ने तां स्वर्ण-वर्णा, वैष्णवीं च चतुर्भुजाम्।
शंख-चक्र-गदा-पद्म-धारिणीं गरुडासनाम्॥
पीनोत्तुङ्ग-कुच-द्वन्द्वां, वन-माला-विभूषिताम्।
युवतीं सततं ध्यायेन् मध्ये मार्तण्ड-मण्डले॥

सायं-कालीन-ध्यान-

सायाह्ने वरदां देवीं, गायत्रीं संस्मरेद् यतिः।
शुक्लां शुक्लाम्बर-धरां, वृषासन-कृताश्रयाम्॥
त्रिनेत्रां वरदां पाशं, शूलं च नृ-करोटिकाम्।
विभ्रतीं कर-पद्मैश्च, वृद्धां गलित-यौवनाम्॥

ध्यान के बाद पञ्चोपचार पूजन कर **"मूलं अमुक देवता तृप्यताम्"** से तीन बार तर्पण कर परिवार देवताओं का एक-एक बार तर्पण करे 'अथवा' **"स-शक्तिः सायुधा स-परिवारा श्री अमुक देवता तृप्यनताम्"** से दस बार तर्पण करे।

इसके बाद अर्घ्य-पात्र में दूर्वा-अक्षत-चन्दन जपा पुष्प आदि लेकर **"ॐ ह्रीं हंसः मार्तण्ड-भैरवाय प्रकाश-शक्ति सहिताय एषोऽर्घ्यः स्वाहा"** से कुल-सूर्य को तीन बार अर्घ्य प्रदान करें। पुनः सूर्य-मण्डल में भगवती का ध्यान कर, पूर्ववत् अर्घ्य की रचना करके "वैदिक गायत्री मंत्र" का उच्चारण कर **"श्री अमुक देवतायै -ब्रह्म-चैतन्य मयायै** (मध्याह्न सन्ध्या में रुद्र चैतन्य मयायै, सायं सन्ध्या में विष्णु-चैतन्य मयायै) **एषोऽर्घ्यः स्वाहा"** से तीन बार अर्घ्य प्रदान कर अपने इष्ट देवता* की गायत्री का यथाशक्ति जप करें।

जप के पश्चात् समर्पण करें-

'श्री सूर्य-मण्डलस्थायै अमुक देवतायै इदं जपं समर्पयामि।'

सन्ध्या के पश्चात् यथा शक्ति कवच स्तोत्रादि का पाठ करें।

***ॐ ऐं त्रिपुरादेव्यै विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि, सौस्तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्॥**
ॐ बगलामुख्यै च विद्महे स्तम्भिन्यै च धीमहि, तन्नो देवी प्रचोदयात्॥
ॐ महादेव्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि, तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्॥
ॐ ऐं बागीश्वरि विद्महे क्लीं कामेश्वरि धीमहि, तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्॥

टिप्पणी - प्रभातिक-कृत्य सन्ध्यादि की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी पुस्तक 'स्वच्छन्द-पद्धति' का अवलोकन करें।

संक्षिप्त अर्चन विधि

संध्या-वन्दन के पश्चात् साधक याग मण्डप अथवा पूजा घर में आयें। यह पूजन-गृह स्वच्छ और पवित्र, सुगन्धित धूपों से सुवासित एवं दीपमालाओं से आलोकित होना चाहिए। पूजा-गृह के द्वार पर आकर साधक 'पापोत्सादन' के लिए हाथ जोड़कर निम्नलिखित मंत्र पढ़े-

ॐ सूर्यो सोमो यमः कालो, महाभूतानि पञ्च च।
एते शुभाशुभस्येह, कर्मणो नव-साक्षिणः॥
देवि! त्वं प्राकृतं चित्तं, पापक्रान्तमभून्मम
तान्निसारय चित्तान्मे, पापं फट् च ते नमः॥

'फट्' का उच्चारण करते हुए दाहिने हाथ की तर्जनी और मध्यमा से वाम करतल पर फट्कार करें। **'नमः'** कहकर पुनः हाथ जोड़ें।

भूमि पर आसन बिछाकर **''ॐ वज्रोदके हुं फट् स्वाहा''** का उच्चारण करते हुए आसन पर जल छिड़कें। आसन पर बैठकर **''ॐ विशुद्धे शमयाशेष विकल्पान्''** इस मंत्र से हाथ पैर धोयें। **'ॐ ह्रीं स्वाहा'** से आचमन करके शिखा-बन्धन करें। शिखा बन्धन का मंत्र है- **''ॐ ह्रीं वज्रिणि! मणिधारिणि! महाप्रतिसरे रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा।''** इसके बाद सामान्य अर्घ्य स्थापित करें।

सामान्य अर्घ्य स्थापन - अपने दाहिने ओर त्रिकोण-वृत्त-चतुरस्र युक्त मण्डल बनायें। **''ॐ ह्रीं आधार शक्तये नमः''** से उक्त मण्डल का गन्ध-पुष्प आदि से पूजन करके उस पर आधार (तिपाई आदि) स्थापित करें। **'अस्त्राय-फट्'** मन्त्र से अर्घ्य-पात्र को धोकर आधार पर रखें। **'नमः'** का उच्चारण करते हुए अर्घ्य पात्र में शुद्ध छना हुआ जल भरें।

ॐ॥ गङ्गे च यमुने चैव, गोदावरि सरस्वति
नर्मदे सिन्धु कावेरि, जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥

उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए सूर्य-मण्डल से उक्त जल में गंगा आदि सरित्-देवताओं का 'अंकुश' मुद्रा से आव्हान करें। 'ॐ' का उच्चारण करते हुए जल में चन्दन-पुष्प-अक्षत डालें। सुधा बीज 'वं' का उच्चारण करते हुए धेनु मुद्रा से उसे अमृत मय करें।

द्वार पूजा- सामान्य अर्घ्य का जल द्वार पर छिड़क कर गन्ध-चन्दन आदि से द्वार-देवताओं का पूजन करें -

ॐ द्वार श्रियै नमः	-	ऊपर के मध्य भाग में
गं गणेशाय नमः	-	द्वार श्री के दाहिने ओर
श्रियै नमः	-	बांयी ओर
धां धात्रे नमः	-	चौखट पर दाहिनी ओर

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

महालक्ष्म्यै नमः	-	चौखट पर दाहिनी ओर
गंगायै नमः	-	चौखट पर दाहिनी ओर
विं विधात्रे नमः	-	चौखट पर बायीं ओर
महा सरस्वत्यै नमः	-	चौखट पर बायीं ओर
यमुनायै नमः	-	चौखट पर बायीं ओर
शंख निधये नमः	-	देहलीज पर
पद्म निधये नमः	-	देहलीज पर
वास्तु पुरुषाय नमः	-	देहलीज पर

द्वार देवताओं का पूजन करके उनकी अनुमति लेकर 'सामान्य-अर्घ्य' हाथ में लेकर पूजा-गृह में प्रवेश करें। पूजा-गृह में बायां अंग सिकोड़ते हुए दाहिना पैर पहले उठाकर प्रवेश करना चाहिए।

विशेष टिप्पणी - अगर साधक घर में ही स्नान करे और उसके घर में पृथक पूजा-गृह नहीं हो तो वह घर के किसी एकान्त शुद्ध स्थान में 'संध्या-वन्दन' करने के बाद इष्ट देवता का अर्चन करें। वह वहीं पर सामान्य अर्घ्य पात्र की स्थापना करके आसन -शोधन-भूत-अपसरण-शिखा बन्धन आदि कर्म करें। उसे द्वार पर सामान्य अर्घ्य स्थापन एवं द्वार देवताओं की पूजा करने की आवश्यकता नहीं है।

(१) ॐ 'रं' अग्नि प्राकाराय नमः।

(२) ॐ सहस्रार हुं फट् सुदर्शन प्राकाराय नमः।

(३) ॐ श्लीं पशुं हुं फट् पाशुपत प्राकाराय नमः।

इन मंत्रों का उच्चारण करते हुए अपने चारों ओर चुटकी बजायें।

ॐ तीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्त दहनोपम।
भैरवाय नमस्तुभ्यमनुज्ञां दातुमर्हसि॥

हाथ जोड़कर भैरव नाथ से भगवती के अर्चन की अनुमति मांगें। इसके बाद आसन-शोधन करें

आसन-शोधन - बैठने के स्थान पर सामान्य अर्घ्य के जल से 'त्रिकोण' (▽) बनाकर "**ॐ ह्रीं आधार शक्ति कमलासनाय नमः**" - इस मंत्र से उक्त त्रिकोण में आधार -शक्ति का गन्ध अक्षत से पूजन करके उस पर आसन (लाल-कम्बल) बिछायें। आसन पर हाथ रखकर 'आसनोपवेशन' का विनियोग पढ़ें-

"**ॐ अस्य आसन-शोधन मन्त्रस्य मेरुपृष्ठः ऋषिः, सुतल छन्दः, कूर्मो देवता, आसनोपवेशने विनियोगः**"

तत्पश्चात पृथ्वी माता से प्रार्थना करें-

ॐ पृथ्वि! त्वया धृताः लोकाः, देवि! त्वं च विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चाऽऽसनम्॥

पृथ्वी पर गन्ध-अक्षत-पुष्प आदि रखें।

टिप्पणी - भले ही आप पहले से ही आसन पर बैठे हुए हो, आसन शोधन की यह क्रिया सम्पादित करनी ही चाहिए। पृथ्वी से निवेदन करने के बाद आसन का एक कोना उठाकर गन्ध-पुष्प-अक्षत आसन के नीचे रखना ही चाहिए। त्रिपुरा के पूजन में लाल-कम्बल का आसन सर्वाधिक प्रशस्त है।

आसन पर सावधानी से सुखपूर्वक बैठकर आचमन करें-

ऐं आत्म-तत्त्वाय स्वाहा। क्लीं विद्या तत्त्वाय स्वाहा। सौः शिव-तत्त्वाय स्वाहा। ऐं क्लीं सौः सर्वतत्त्वाय स्वाहा।

आचमन करने के बाद योनि मुद्रा से **'गुं गुरुभ्यो नमः'** से वायें कन्धे पर गुरुदेव को **'गं गणपतये नमः'** से दाहिने कन्धे पर गणेश जी को और सम्मुख (हृदय में)**'अमुक देवतायै नमः'** से इष्ट देवता को प्रणाम करें।

संकल्पः-

ॐ तत्सत् अद्यैतस्य (देश-काल-स्थान का उल्लेख करके) **अमुक गोत्रः** (शाम्भव गोत्रः) **अमुक शर्माऽहम् अमुक देवता प्रीत्यर्थे यथोपलब्ध द्रव्यैः यथा शक्ति अर्चनं जपं च करिष्ये।**

(बेहतर हो यह संकल्प देवीमान रीति से बनाये गये 'तान्त्रिक-पञ्चाङ्ग' के अनुसार किया जाये)

पुष्पादि शोधन

इसके बाद 'सामान्य-अर्घ्य' का कुछ जलन लेकर पूजन सामग्री और स्वयं पर छिडकें। पुष्प आदि को अपने दाहिने ओर तथा अन्य सामग्रियों को बायीं ओर रखें। अपना हाथ धोने के लिए अपने आसन के पीछे एक थाली तथा एक अन्य पात्र रखें। श्री 'श्रीयन्त्र' की स्थापना के लिए अपने सामने कुछ दूरी पर चौकी या सिंहासन रखें। सिंहासन और अपने आसन के मध्य में पात्र आदि की स्थापना के लिए पर्याप्त स्थान रखना चाहिए।

पुष्प-शोधन

यथा विहित शुद्ध और ताजे फूलों का ही पूजन में प्रयोग करें। पूजन के पूर्व पुष्पों का इस तरह शोधन करें -

ॐ पुष्प केतु राजार्ह ते शताय सम्यक् सम्बद्धाय

ॐ पुष्पे पुष्पे महापुष्पे सुपुष्पे पुष्प सम्भवे! पुष्पं यवाकीर्णे हुं फट् स्वाहा

इन मंत्रों से सुसंस्कृत शुद्ध जल छिड़क कर पुष्पों का शोधन करें।

'ॐ ह्रीं हुं फट्' यह मंत्र पढ़कर नाराच-मुद्रा और सम-दृष्टि से गन्ध आदि सामग्रियों का शोधन करें। अग्नि बीज (रं) का उच्चारण कर दीपक की लौ का स्पर्श करें। **'ॐ हुं फट् स्वाहा'** - यह मंत्र पढ़कर अपनी काया, वाणी और चित्त को शुद्ध करें। इसके बाद हृदय पर हाथ रखकर **'रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा'** यह मंत्र पढ़कर अपनी रक्षा का विधान करें।

चन्दन लगा हुआ एक फूल लेकर उसे मसल डालें और फिर उसे सूंघें। इसके बाद निम्नलिखित मंत्र पढ़ते हुए उसे याग मण्डप से बाहर फेंक दें।

ॐ ते सर्वे विलयं यान्तु, ये मां हिंसति हिंसकाः।
मृत्यु रोग भय क्लेशाः पतन्तु रिपु-मस्तके॥

मूर्ध्नि में इष्ट देवता के 'कुल्लुका' मन्त्र का चिन्तन करके शरीर-शोधन के लिए प्राणायाम और भूत शुद्धि करें-

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

भगवती महात्रिपुर सुन्दरी का कुल्लुका मन्त्र है-

ऐं क्लीं ह्रीं त्रिपुरे भगवति स्वाहा

शरीर-शोधन

प्राणायाम -

शान्त और प्रसन्नचित्त साधक शरीर शोधन के लिए यथा-विहित विधि से प्राणायाम करें। यथा-

प्रणव (ॐ) अथवा मूल मन्त्र के बीज मंत्र का १६ बार जप करते हुए बांयें नथुने से वायु (श्वास) खींचे। इस समय दाहिने हाथ के अंगूठे से दाहिने नथुने को दवाये रखें। इसे 'पूरक' कहते हैं।

दाहिने हाथ की अनामिका और कनिष्ठा से बांये नथुने को दबाकर बन्द कर दें। इस तरह दोनों नथुनों को दवाकर प्रणव या बीज मंत्र से ६४ बार जप करते हुए वायु को फेफड़े में रोक रखें। इसे 'कुम्भक' कहते हैं।

इसके वाद दाहिने नथुने से अंगूठे को हटाकर प्रणव या बीज मंत्र का ३२ बार जप करते हुए पेट में भरी वायु को धीरे-धीरे बाहर निकालें। इसे 'रेचक' कहते हैं।

यह एक 'प्राणायाम' हुआ। इसी प्रकार तीन 'प्राणायाम' करें। दूसरी बार दाहिने नथुने से 'पूरक' और बांये नथुने से रेचक करें। प्राणायाम की तीसरी आवृत्ति में बांये से पूरक और दाहिने नथुने से रेचक किया जाता है। इस तरह प्राणायाम करने के बाद 'भूत-शुद्धि' करें।

भूत-शुद्धि -

(१) पिंगला नाड़ी (दाहिने नथुने) से श्वास खींचकर-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मूल श्रङ्गाटकात् सुषुम्ना
पथेन जीव शिवं परम शिव पदे योजयामि स्वाहा

इस मंत्र का जप करते हुए मूलाधार में स्थित जीवात्मा को सुषुम्ना पथ से ब्रह्मरन्ध्र में लाकर उसे परम शिव में एकीभूत (विलीन) कर दें। जब यह क्रिया पूर्ण हो जाये-बांये नथुने से वायु को निकाल दें।

(२) इड़ा नाड़ी (बांये नथुने) से पूरक करके -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं 'यं' (१६ बार) संकोच शरीरं शोषय शोषय स्वाहा

उक्त मंत्र का जप करते हुए वायु बीज से अपने शरीर का शोषण कर (अर्थात् सुखाकर) पिंगला नाड़ी से (दाहिने नथुने से) श्वास-वायु को निकाल दें।

(३) पिंगला नाड़ी से पूरक करके -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं 'रं' (१६ बार) लिङ्ग शरीरं दह दह पच पच स्वाहा

उक्त मंत्र का जप करते हुए अवशोषित संकोच-शरीर को भस्मीभूत करके श्वास समीर को इड़ा नाड़ी (बांये नथुने से) निकाल दें।

(४) बांये नथुने से पूरक करके -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं 'वं' (१६ बार) परमशिवामृतं वर्षय वर्षय स्वाहा

उक्त मंत्र का जप करके यह भावना करें कि सहस्रारवर्ती चन्द्र-मण्डल से हुई अमृत वर्षा से वह भस्म आर्द्र हो गया है। यह भावना करने के बाद श्वास-समीर को पिंगला नाड़ी (दाहिने नथुने) से निकाल दें।

(५) अब दाहिने नथुने से पूरक करके -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं 'लं' (१६ बार) शाम्भव शरीरं उत्पादयोत्पादय स्वाहा

मंत्र का जप करके यह भावना करें कि आर्द्र भूत (गीले) भस्म से नये दिव्य शरीर का निर्माण हो गया है, श्वास-समीर को बांये नथुने से निकाल दें।

(६) इड़ा नाड़ी (बांये नथुने) से पूरक करते हुए -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हंसः सोऽहं अवतर अवतर शिव पदात् जीव सुषुम्ना पथेन प्रविश प्रविश मूलश्रङ्गटकं उल्लासोल्लस ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल हंसः सोऽहम् स्वाहा'

का जप करके परम शिव से एकीकृत जीव को पुनः सुषुम्ना मार्ग से मूलाधार में लाकर प्रतिष्ठित कर दें।

जो साधक इस विधि से भी भूतशुद्धि नहीं कर सकें। वे **'ॐ ह्रौं'** - इस मंत्र का १०८ बार जप कर लें। इस जप से भूत शुद्धि का फल मिलता है।

लघु प्राण प्रतिष्ठा - भूत शुद्धि के वाद नव-निर्मित शाम्भव शरीर में 'प्राण-प्रतिष्ठा' की जाती है। इसकी संक्षिप्त विधि इस प्रकार है। एतदर्थ सर्वप्रथम भगवती 'प्राण-शक्ति' का ध्यान करें-

रक्ताब्धिपोतारुण पदम् संस्थाम् पाशाङ्कुशाविक्षु सशरा वाणान्।
शूलं कपालं दधतीं कराब्जैः रक्तां त्रिनेत्रां प्रणमामि देवीम्॥

इस प्रकार ध्यान कर 'लं' इत्यादि से उनका मानसिक पूजन करें। हृदय पर हाथ रखकर निम्नलिखित मंत्रों का ३ बार जप करें-

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहम् श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः प्राणाः इह प्राणाः।

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहम् श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः जीवः इह जीवः।

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहम् श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः सर्वेन्द्रियाणि

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहम् श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः त्वङ् मनः चक्षुः श्रोत्र-जिव्हा-घ्राण-पाणि-पाद प्राणाः इहैवागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा

उपर्युक्त मन्त्र चतुष्टय की तीन बार आवृत्ति करके नये शाम्भव शरीर को गर्भाधान आदि पञ्चदश संस्कारों की सिद्धि के लिए पन्द्रह बार प्रणव (ॐ) का जप करें।

कतिपय आचार्यों का अभिमत है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद वक्ष्यमाण विधि से पुनः प्राणायाम करना चाहिए।

मातृका-न्यास

विनियोग -

ॐ अस्य अन्तर्मातृका न्यास मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, मातृका सरस्वती देवता, हलो बीजम्, स्वराः शक्तयः, विसर्गः कीलकम्, लिपि न्यासे विनियोगः।

ऋष्यादि न्यास-

श्री ब्रह्मणे ऋषये नमः-शिरसि। गायत्री छन्दसे नमः - मुखे। मातृका सरस्वती देवतायै नमः - हृदये। व्यञ्जन बीजाय नमः - गुह्ये। स्वरेभ्यो शक्तिभ्यो नमः - पादयोः। विसर्ग कीलकाय नमः - नाभौ। लिपि न्यासे विनियोगाय नमः-सर्वाङ्गे।

	कर न्यास	पडंग न्यास
अं कं खं गं घं ङं आं	**- अंगुष्ठाभ्यां नमः -**	**हृदयाय नमः**
इं चं छं जं झं ञं ईं	**- तर्जनीभ्यां नमः -**	**शिरसे स्वाहा**
उं टं ठं डं ढं णं ऊं	**- मध्यमाभ्यां नमः -**	**शिखायै वषट्**
एं तं थं दं धं नं ऐं	**- अनामाभ्यां हुम् -**	**कवचाय हुम्**
ओं पं फं बं भं मं औं	**- कनिष्ठाभ्यां वौषट् -**	**नेत्रत्रयाय वौषट्**
अं यं रं लं वं शं षं	**- करतल कर पृष्ठाभ्यां -**	**अस्त्राय**
सं हं ळं क्षं अः	**फट्**	**फट्**

कर-न्यास और इन्हीं मन्त्रों से हृदयादि न्यास करने के बाद शरीर के मूलाधारादि चक्रों में विराजिता मातृकाओं की वन्दना करें।

आधारे लिङ्ग नाभौ प्रकटित हृदये तालु मूले ललाटे।
द्वे पत्रे, षोडशारे, द्विदश, दश दले, द्वादशार्धे, चतुष्के
वासान्ते-बालमध्ये-डफ-कठ सहिते कंठ देशे स्वराणाम्।
हं क्षं तत्त्वार्थ चिन्त्यं सकल दलगतां वर्णरूपां नमामि॥

वर्ण रूपा मातृका शारदा का वन्दन और नमन करने के पश्चात् उनके सकल रूप का ध्यान करें-

पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्त मुख दोः पन्मध्य वक्षः स्थलाम्
भास्वन्मौलिनिबद्ध चन्द्रशकलामापीन तुङ्गस्तनीम्॥
मुद्रामक्षगुणं सुधाढ्यकलशं विद्याञ्चैव हस्ताम्बुजैः
विभ्राणां विशद प्रभां त्रिनयनां वाग्देवतामाश्रये॥

भगवती वाग्देवी का सम्पूर्ण शरीर-मुख, बाहु-मध्य-वक्षः स्थल आदि पचास वर्णाक्षरों से संघटित है। उनका केश पाश चन्द्रकला से देदीप्यमान है। उनके चारों हाथों में मुद्रा, अक्ष-माला, सुधा पूर्ण कलश और पुस्तक हैं। वे त्रिनेत्रा हैं और उनकी प्रभा चारों ओर व्याप्त है।

इस प्रकार ध्यान करके 'लं' इत्यादि मंत्रों से उनका पञ्चोपचार मानस पूजन करने के बाद न्यास करें।

(१) कण्ठ क्षेत्रवर्ती धूम्र वर्ण वाले षोडश दल के विशुद्ध चक्र में

अं नमः। आं नमः। इं नमः। ईं नमः। उं नमः। ऊं नमः। ऋं नमः। ॠं नमः। लृं नमः। लॄं नमः। एं नमः। ऐं नमः। ओं नमः। औं नमः। अं नमः। अः नमः।

(२) हृदय क्षेत्रवर्ती बन्धूक पुष्पवर्णी द्वादश दलात्मक 'अनाहत' चक्र में-

कं नमः। खं नमः। गं नमः। घं नमः। ङं नमः। चं नमः। छं नमः। जं नमः। झं नमः। ञं नमः। टं नमः। ठं नमः।

(३) नाभि क्षेत्रवर्ती श्याम (नीले) वर्ण के दश दलात्मक मणिपूरक चक्र में-

डं नमः। ढं नमः। णं नमः। तं नमः। थं नमः। दं नमः। धं नमः। नं नमः। पं नमः। फं नमः।

(४) लिंग मूलवर्ती सिन्दूरी रंग के षड्दलात्मक 'स्वाधिष्ठान' चक्र में-

बं नमः। भं नमः। मं नमः। यं नमः। रं नमः। लं नमः।

(५) सुवर्ण वर्ण के चार दल वाले मूलाधार चक्र में-

वं नमः। शं नमः। षं नमः। सं नमः।

(६) भ्रूमध्यस्थ चन्द्र वर्ण के दो दल वाले आज्ञा चक्र में-

हं नमः। क्षं नमः।

इसके बाद पूर्ववत् ध्यान आदि करके 'बहिर्मातृका' न्यास करें-

'बहिर्मातृका' न्यास

अं नमः - शिरसि। **आं नमः** - मुखवृत्ते।
इं नमः - दक्षिण नेत्रे। **ईं नमः** - वाम नेत्रे।
उं नमः- दक्षिण कर्णे। **ऊं नमः** - वाम कर्णे।
ऋं नमः - दक्ष नासायाम्। **ॠं नमः** - वाम नासायाम्।
लृं नमः - दक्ष गण्डे। **लॄं नमः** - वाम गण्डे।
एं नमः - ओष्ठे। **ऐं नमः** - अधरे।
ओं नमः - ऊर्ध्व दन्ते। **औं नमः** - अधोदन्ते।
अं नमः - कण्ठे। **अः नमः** - मुख वृत्ते।

'क' वर्ग के पांच वर्णों का न्यास दाहिने हाथ के विभिन्न हिस्सों में करें-

कं नमः - दक्ष बाहुमूले (कखौरी)। **खं नमः** - कूर्परे (कोहिनी)
गं नमः - मणिबन्धे (कलाई)। **घं नमः** - अंगुलिमूले
ङं नमः - अंगुलि अग्रे

'च' वर्ग के पांच वर्णों का न्यास बांयें हाथ के विभिन्न हिस्सों में करें-

चं नमः - वाम बाहुमूले (कखौरी)। **छं नमः** - कूर्परे (कोहिनी)
जं नमः - मणिबन्धे । **झं नमः** - अंगुलिमूले
ञं नमः - अंगुलि अग्रे

'ट' वर्ग के पांच वर्णों का न्यास दाहिने पैर के विभिन्न अवयवों में करें-

टं नमः - दक्षपादमूले **ठं नमः** - जानुनि

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

डं नमः - गुल्फे **ढं नमः** - अंगुलिमूले
णं नमः - अंगुलि अग्रे

'त' वर्ग के पांच वर्णों का न्यास बांये पैर के विभिन्न अवयवों में करें-
तं नमः - वामपादमूले **थं नमः** - जानुनि
दं नमः - गुल्फे **धं नमः** - अंगुलिमूले
नं नमः - अंगुलि अग्रे

'प' वर्ग के पांच वर्णों का न्यास इस तरह से करें-
पं नमः - दक्षिण पार्श्वे (बगल में) **फं नमः** - वाम पार्श्वे
बं नमः - पृष्ठे (पीठ) **भं नमः** - नाभौ
मं नमः - उदरे (पेट पर)

अंतस्थ और ऊष्माण वर्णों का न्यास क्रम-
'यं' त्वगात्मने नमः - हृदये
'रं' असृगात्मने नमः - दक्षिण अंसे (कन्धा)
'लं' मांसात्मने नमः - ककुदि
'वं' मेदात्मने नमः - वाम अंसे
'शं' अस्थ्यात्मने नमः - हृदय से दाहिने हाथ के अंत तक
'षं' मज्जात्मने नमः - हृदय से बांये हाथ के अंत तक
'सं' शुक्रात्मने नमः - नाभि से दाहिने पैर के अंत तक
'हं' जीवात्मने नमः - नाभि से बायें पैर के अंत तक
'ळं' परमात्मने नमः - नाभि से हृदय तक
'क्षं' ज्ञानात्मने नमः - हृदय से मुख तक

सम्पूर्ण वर्ण माला (अं आं.....हं ळं क्षं) का उच्चारण करते हुए तीन या आठ वार समस्त शरीर में व्यापक न्यास करें।

वक्ष्यमाण विधि से प्राणायाम करके गुरुपादुका मंत्र से ब्रह्म रन्ध्र में गुरु पंक्ति का और **'स्व-पादुका'** मन्त्र से मूलाधार में अपने आत्मदेव का पूजन करें।

कुछ क्षणों तक स्वयं को सारे प्रपञ्च से मुक्त शिव-स्वरूप समझते हुए ब्रह्मानन्द की अनुभूति करें। इसके बाद भगवती की पूजा में अग्रसर हों।

विनियोग : **ॐ अस्य महात्रिपुरसुन्दरी मन्त्रस्य श्री दक्षिणामूर्तिः ऋषि। पंक्तिश्च्छन्दः। श्री महात्रिपुरसुन्दरी देवता। वाग्भव बीजम्। कामराजं कीलकं। तार्तीयं शक्तिः। पुरुषार्थ चतुष्टय सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।**

विनियोग का जल पृथ्वी पर छोड़कर ऋष्यादि न्यास करें -

श्री दक्षिणामूर्ति ऋषये नमः - शिरसि। पंक्तिश्चछन्दसे नमः - मुखे।

श्रीमहात्रिपुर सुन्दरी देवतायै नमः - हृदि। वाग्भवाय बीजाय नमः - गुह्ये। तार्तीयाय शक्तये नमः - पादयोः। कामराजाय कीलकाय नमः - नाभौ। पुरुषार्थ चतुष्टय सिद्धयर्थे जपे विनियोगाय नमः - सर्वांगे।

ऋष्यादि न्यास के बाद क्रमशः वाग्देवता न्यास, करांग न्यास और षडंग न्यास करने के वाद मूल मंत्र से व्यापक न्यास करके भगवती का ध्यान और मानस पूजन करें। यथा-

वाग्देवता न्यास

(१) अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः रव्लूं वशिनी वाग्देवतायै नमः - ब्रह्मरंध्रे।

(२) कं खं गं घं ङं कलह्रीं कामेश्वरी वाग् देवतायै नमः - ललाटे।

(३) चं छं जं झं ञं नव्लीं मोदिनी वाग्देवतायै नमः - भ्रू मध्ये

(४) टं ठं डं ढं णं य्व्लूं विमला वाग्देवतायै नमः - कण्ठे

(५) तं थं दं धं नं ज्म्रीं अरुणा वाग्देवतायै नमः - हृदये

(६) पं फं बं भं मं हसलवयूं जयिनी वाग्देवतायै नमः - नाभौ

(७) यं रं लं वं झम्रयूं सर्वेश्वरी वाग्देवतायै नमः - मूलाधारे

(८) शं षं सं हं ळं क्षं क्षम्रीं कौलिनी वाग्देवतायै नमः - सर्वाङ्गे

करांङ्ग न्यास - **अं मध्यमाभ्यां नमः। आं अनामिकाभ्यां नमः। सौः कनिष्ठाभ्यां नमः। अः - अंगुष्ठाभ्यां नमः। आं तर्जनीभ्यां नमः। सौः करतलपृष्ठाभ्यां नमः।**

षडङ्ग न्यास - **ऐं - हृदयाय नमः। क्लीं - शिरसे स्वाहा। सौः - शिखायै वषट्। ऐं - कवचाय हुं। क्लीं - नेत्रत्रयाय वौषट्। सौः - अस्त्राय फट्।**

इसके बाद 'मूल मन्त्र' से तीन बार व्यापक न्यास करके ध्यान करें -

बालार्क मण्डलाभासां, चतुर्बाहुं त्रिलोचनाम्।
पाशांकुश शरांश्चापं, धारयन्तीं शिवां भजे॥

इस प्रकार ध्यान करके मानसोपचारों से पूजन करें। यथा-

मानसोपचार पूजन

(१) मूल मन्त्र - 'लं' पृथ्वी तत्त्वात्मकं गन्धं कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुरी पादुकाभ्यां नमः - विलेपयामि नमः। (गन्ध मुद्रा से)

(२) मूल मन्त्र - 'हं' आकाश तत्त्वात्मकं पुष्पं कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुरी पादुकाभ्यां नमः - समर्पयामि नमः। (पुष्प मुद्रा से)

(३) मूल मन्त्र - 'यं' वायु तत्त्वात्मकं धूपं कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुरी पादुकाभ्यां नमः - आघ्रापयामि नमः। (धूप मुद्रा से)

(४) मूल मन्त्र - 'रं' वह्नि तत्त्वात्मकं दीपं कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुरी पादुकाभ्यां नमः - दर्शयामि नमः। (दीप मुद्रा से)

(५) मूल मन्त्र - 'वं' सुधा तत्त्वात्मकं नैवेद्यं कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुरी पादुकाभ्यां नमः - निवेदयामि नमः। (नैवेद्य मुद्रा से)

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

(६) मूल मन्त्र - 'सं' सर्वोपचार सहितं ताम्बूलं कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुरी पादुकाभ्यां नमः - समर्पयामि नमः। (सर्वोपचार मुद्रा से)

मानस-पूजन में उपर्युक्त उपचार तत्-तत् मुद्राओं से प्रदान किये जाते हैं। यथा दोनों हाथों की

(१) अधोमुखी कनिष्ठा और अंगुष्ठ - गंध मुद्रा

(२) अधोमुखी तर्जनी और अंगुष्ठ - पुष्प मुद्रा

(३) ऊर्ध्वमुखी तर्जनी और अंगुष्ठ - धूप मुद्रा

(४) ऊर्ध्वमुखी मध्यमा और अंगुष्ठ - दीप मुद्रा

(५) ऊर्ध्वमुखी अनामा और अंगुष्ठ - नैवेद्य मुद्रा

(६) ऊर्ध्वमुखी सभी अंगुलियां और अंगुष्ठ - सर्वोपचार

मानस-पूजन करने के बाद 'अक्ष-माला' से मूल मन्त्र का 'अष्टोत्तर शत' (१०८) जप करें। अक्ष-माला से मन्त्र-जप की विधि इस प्रकार है-

सर्वप्रथम यह भावना करें कि अकार से 'क्ष' कार पर्यन्त ५० वर्णों की यह माला मेरुदण्ड में चित्रणी नाड़ी में गुंथी हुई है। 'क्ष' कार इस माला का 'सुमेरु' और 'अ' कार जप-प्रारम्भ करने का प्रथम मनका (गुरिया) है। तन्त्र-ग्रंथ में इस माला का ध्यान और नमन इस प्रकार बताया गया है :-

अन्तर्विद्रुमभासमान भुजगां
सुप्तोत्थ वर्णोज्ज्वलाम्।
आरोहमवरोहिकां शतमयीं
वर्गाष्टकाष्टोत्तरीम्॥
साक्षात् ब्रह्ममयीं 'क्ष' मेरु सहितां
श्रीमातृकाक्षावलीम्।
विद्यां नौमि समस्त मन्त्र जननीम्,
ज्ञानैक दीपांकुराम्॥

'अक्ष-माला' का इस प्रकार ध्यान और नमन करके मन ही मन 'क्षं नमः' का उच्चारण कर सुमेरु-रूपं क्षकार का नमन करें। इसके बाद मन्त्र-जप प्रारम्भ करें। यथा-

'अं' के बाद मूल मन्त्र (यथा - अं ऐं क्लीं सौः)

फिर 'आं' के बाद मूल मन्त्र (यथा - आं ऐं क्लीं सौः)

इस प्रकार प्रत्येक सानुस्वार वर्ण के साथ मूल मंत्र की योजना करके 'ळ' कार पर्यन्त सभी वर्णों के साथ मन्त्र जप करें। 'क्ष' कार का केवल उच्चारण करें। 'क्ष' कार के साथ मंत्र योग नहीं करें। यह अनुलोम क्रम से मंत्र का 50 बार जप हुआ। इसके बाद विलोम-क्रम से जप करें।

विलोम क्रम - मंत्र के अन्त में 'ळं' इत्यादि की योजना करते हुए 'आं अं' तक जप करें। यथा ऐं क्लीं सौः ळं। ऐं क्लीं सौः हं।.......ऐ क्लीं सौः आं। ऐं क्लीं सौः अं। इस तरह ५०-५० के अनुलोम विलोम क्रम से मंत्र का १०० बार जप हुआ।

इसके बाद वर्णमाला के आठ वर्गों के अंतिम वर्ण (अर्थात् अः ङं ञं णं नं मं वं ळं) अथवा मतान्तर से इन वर्गों के प्रथम वर्ण (अर्थात् अ, क, च, ट, त, प , य और श) की मंत्र के प्रारम्भ में योजना करके जप करने से ८ बार मन्त्र का जप हुआ। इस तरह १००+८-१०८ बार मंत्र का जप करके भगवती को निम्नलिखित मंत्र से जप समर्पित करें -

ॐ। सर्वान्तरात्मनिलये, स्वान्तर्ज्योतिःस्वरूपिणी।
गृहाणान्तर्जपं मातः श्री सुन्दरी नमोऽस्तुते।।

विमर्श- इस सम्बन्ध मे देखें 'महानिर्वाण तंत्र' पञ्चम उल्लास के श्लोक १५३ से १५६ तथा इन श्लोकों की व्याख्या।

मानसिक हवन

अक्ष-माला से मानसिक जप करने के बाद मानसिक हवन करें। एतदर्थ मूलाधार चक्र में आत्मा-अन्तरात्मा-परमात्मा एवं ज्ञानात्मा- इन आत्म चतुष्टय से निर्मित चतुरस्र (चौकोर) कुण्ड की भावना करें जिसमें परम ज्ञानाग्नि प्रज्जवलित है। इस अग्नि में निम्न मंत्रों से आहूतियां प्रदान करें -

(१) मूल मन्त्र -

नाभौ चैतन्य रूपाग्नौ हविषा मनसा स्रुचा।
ज्ञान प्रदीप्तते नित्यं, अक्षवृत्तिर्जुहोम्यहम्।।
श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै स्वाहा।

(२) मूल मन्त्र -

धर्माधर्म हविर्दीप्ते आत्माग्नौमनसा स्रुचा।
सुषुम्नावर्त्मना नित्यं, ब्रह्मवृत्तिर्जुहोम्यहम्।।
श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै स्वाहा।

(३) मूल मन्त्र -

प्रकाशाकाश हस्ताभ्यां अवलंव्योन्मनी स्रुचा।
धर्माधर्म कला स्नेह, पूर्णमग्नौ जुहोम्यहम्।।
श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै स्वाहा।

(४) मूल मन्त्र -

अन्तर्निरन्तर निरिन्धन मेध माने
मायान्धकार परिपन्थिनि संविदग्नौ।
कस्मिंश्चिदद्भुत मरीचि विकासभूमौ
विश्वं जुहोमि वसुधादि शिवावसानम्।।
श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै स्वाहा।

(५) मूल मन्त्र -

इदन्ता पात्र भरितं, अहन्ता परमामृतम्।
पूर्णाहुति मये वह्नौ, पूर्ण होमं जुहोम्यहम्।।
श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै स्वाहा।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

इस तरह मानसिक हवन करके पुनः भगवती का संक्षिप्त अर्चन एवं तत्समर्पण करके बहिर्पूजन करें।

बहिर्याग

बहिर्याग करने के लिए सर्वप्रथम शंख आदि पात्रों की स्थापना करें। यथा-

भगवती के सिंहासन के सामने भूमि पर अपने बायीं ओर जल से त्रिकोण गर्भित षट्कोण बनायें। 'मूल-मन्त्र' से षट्कोण का गन्धाक्षत से पूजन करके उस पर आधार (त्रिपादिका) स्थापित करें। **'मं अग्नि मण्डलाय दशकलात्मने नमः'** इस मंत्र से आधार पर अग्नि मण्डल का पूजन करें। अस्त्र मंत्र (फट्) से शंख को धोकर उसे आधार (त्रिपादिका) पर स्थापित करें।

'अं' अर्क मण्डलाय द्वादश कलात्मने नमः' इस मंत्र से शंख पर सूर्य मण्डल का रक्त-चन्दन, अक्षत, पुष्प आदि से पूजन करें।

'मूल मंत्र' का जप करते हुए उक्त शंख में शुद्ध जल भरें। **'उं' सोम मण्डलाय षोडश कलात्मने नमः'** से शंखस्थ जल में चन्द्र मण्डल का पूजन करें। तत्पश्चात् उस जल में अंकुश मुद्रा से सूर्य-मण्डल से गंगा आदि सरित् देवताओं का आव्हान करें-

ॐ। गंगे च यमुने चैव, गोदावरि, सरस्वति
नर्मदे सिन्धु कावेरि, जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।

गंगा आदि सरित् देवताओं का आव्हान करके गंध पुष्प से उनका पूजन करें।

'हुं' मंत्र से अवगुण्ठन करके उक्त जल में **'षडङ्ग-मंत्रों'** से षडङ्ग पूजन करें।

धेनु मुद्रा दिखाकर उक्त जल पर मूल मंत्र का आठ बार जप करें। शंख से कुछ जल लेकर प्रोक्षणी पात्र में डालें। उसका जल अपने शरीर और पूजा सामग्री पर छिड़कें।

अन्य पात्र - शंख के दाहिनी ओर इसी रीति से पाद्य-अर्घ्य-आचमनीय, मधुपर्क आदि पात्रों की स्थापना करें। इन पात्रों में शंख का जल एवं गन्ध-पुष्प आदि सहित अन्य विहित द्रव्य डालें।

इस तरह पात्रों की स्थापना हो जाने के बाद सामने रखे हुए सिंहासन अथवा चौकी पर 'श्रीयंत्र' को स्थापित करें। सिंहासन या चौकी पर श्रीयन्त्र को सीधे नही रखा जाता। चांदी की थाली में पूजन यंत्र बनाकर उस पर पुष्प रखें। फिर इन पुष्पों पर 'श्रीयंत्र' को विराजित करके आसन-पूजन प्रारम्भ करें।

आसन-पूजन - **ॐ आधार शक्तये नमः। ॐ प्रकृतये नमः। ॐ कूर्माय नमः। ॐ अनन्ताय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः। ॐ रसाम्बुधये नमः। ॐ रत्न द्वीपाय नमः। ॐ नन्दनोद्यानाय नमः। ॐ रत्न मण्डपाय नमः। ॐ कल्प वृक्षाय नमः। ॐ मणि वेदिकायै नमः। ॐ रत्न सिंहासनाय नमः।**

रत्न सिंहासन पर पीठ शक्तियों का अर्चन करें। यथा-

ॐ वामायै नमः। ॐ ज्येष्ठायै नमः। ॐ रौद्र्यै नमः। ॐ अम्बिकायै नमः। ॐ इच्छायै नमः। ॐ ज्ञानायै नमः। ॐ क्रियायै नमः। ॐ कुब्जिकायै नमः।

ॐ ऋद्ध्यै नमः। ॐ विषघ्निकायै नमः। ॐ दूतर्यै नमः। ॐ आनन्दायै नमः।

मध्य में - **ह्सौः सदाशिव महाप्रेत पद्मासनाय नमः।**

इसके बाद त्रिखण्डा-मुद्रा बनाकर हाथों में पुष्प लें। "**हस्रैं हसकलरीं हसौः**" इस मंत्र से देवी की मूर्ति की कल्पना करके तद्गत चित्त होकर भगवती का ध्यान करें। यथा-

बालार्क मण्डलाभासां, चतुर्बाहु त्रिलोचनाम्।
पाशांकुश शरांश्चापं, धारयन्तीं शिवां भजे॥

इस प्रकार ध्यान कर प्रवाहित नासापुट से हाथ में रखे पुष्पों में देवी के तेज पुंज का आव्हान करें। फिर-

ॐ॥ महापद्मवनान्तःस्थे, कारणानन्द विग्रहे।
सर्वभूत हिते मातरेह्येहि परमेश्वरि॥

इस मन्त्र से 'श्रीयंत्र' के वैदन्व चक्र पर पुष्पाञ्जलि के साथ उक्त दैवी-तेज को स्थापित कर दें। तदन्तर आवाहन आदि क्रियायें सम्पादित करें। यथा-

'मूलं' -

कामेश्वर शिव सहिते श्री महात्रिपुरसुन्दरि देवी!

इहागच्छ, इहागच्छ	- आवाहनी मुद्रा
इह तिष्ठ, इह तिष्ठ	- स्थापिनी मुद्रा
इह सन्निधेहि, इह सन्निधेहि	- सन्निधायिनी मुद्रा
इह सन्निरुद्धस्व	- सन्निरोधिनी मुद्रा
इह अभिमुखी भव	- सम्मुखीकरण मुद्रा
अवगुण्ठिता भव	- अवगुण्ठनी मुद्रा

मम सर्वोपचार सहितां पूजां गृहाण

इस प्रकार आवाहन आदि क्रिया संपादित करके सकलीकरण करें यथा

ऐं हृदयाय नमः। क्लीं शिरसे स्वाहा। सौः-शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुम्। क्लीं नेत्र त्रयाय वौषट्। सौः अस्त्राय फट्।

मूलं - **कामेश्वर शिव सहिते श्री महात्रिपुरसुन्दरी देवि! सकली कृता भव।**

'शंख' का जल तीन बार 'श्रीयंत्र' पर डालकर 'परमीकरण' की मुद्रा दिखायें। इसके बाद प्राण-प्रतिष्ठा करें-

मूल मन्त्र

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहं
श्री महात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः प्राणाः इह प्राणाः
आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहं
श्री महात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः जीवः इह जीवः
आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहं
श्री महात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः सर्वेन्द्रियाणि इह स्थितानि

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं हंसः सोऽहं श्री महात्रिपुरसुन्दरी देवतायाः त्वङ् मनः चक्षुः श्रोत घ्राण वाक् पाणि पाद प्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा

उक्त मंत्र चतुष्टय का तीन बार जप करके यंत्र में देवता की प्राण प्रतिष्ठा करें।

तत्पश्चात पुष्पांजलि देकर स्वागत करें-

मूलं।। यस्याः दर्शनमिच्छन्ति
देवाः स्वाभीष्ट सिद्धये।
तस्मै ते परमेशानि
स्वागतं स्वागतं च ते।।

इस प्रकार भगवती का सपरिवार स्वागत करके यथा-वैभव अर्चन करें। यथा-

पूजन

(१) मूलं - **एतत्पाद्यं कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै नमः**
इस मंत्र से भगवती के पैर पखारने के लिए जल समर्पित करें।

(२) मूलं - **एषोऽर्घ्यं कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै स्वाहा**
मुंह धोने के लिए अर्घ्य प्रदान करने के बाद आचमनीय प्रदान करें।

(३) मूलं - **इदं आचमनीयं श्री कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै समर्पयामि नमः।

(४) मूलं - **एषः मधुपर्कः श्री कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै निवेदयामि नमः।

(५) मूलं - **इदं पुनराचमनीयं श्री कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै समर्पयामि नमः।

(६) मूलं - **इदं स्नानीयं श्री कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै समर्पयामि नमः।
गंगा सरस्वती रेवा, पयोष्णी नर्मदा जलैः
स्नापितो मया देवि! तथा शान्तिं प्रयच्छ मे।।
स्नानांते पुनराचमनीयं समर्पयामि।

(७) मूलं - **इमानि वस्त्राणि आभूषणानि च श्री कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै समर्पयामि नमः।
इदं पुनराचमनीयं समर्पयामि नमः।

वस्त्र आभूषण और पुनराचमीनय प्रदान करने के बाद गन्ध प्रदान करें

(८) मूलं - **इदं सुगन्ध द्रव्यं श्री कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै समर्पयामि नमः।
अनामा और मध्यमा से चन्दन का लेप करें।

मूलं - **इमानि पुष्पाणि बिल्व पत्राणि च कामेश्वर शिव सहितायै**
श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै वौषट्।

इस मंत्र का उच्चारण करके भगवती को मध्यमा और अनामा से पुष्प और

बेलपत्र समर्पित करें।

धूप- धूप पात्र को देवी के सामने रखकर जल से प्रोक्षण करें। उस पर अंगार रखकर उसमें धूप डालें। उसके चतुर्दिक जल घुमायें।

''जय ध्वनि मन्त्र मातः स्वाहाः'' - इस मंत्र से घण्टे की पूजा करें।

बांये हाथ से घण्टा बजाते हुए दाहिने हाथ में धूप पात्र लेकर निम्न मंत्र पढ़ते हुए धूप प्रदान करें -

ॐ॥ वनस्पति रसोद्भूतः गन्धाढ्यः सुमनोहरः।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

मूलं- **श्री कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै**
धूपं आघ्रापयामि नमः।

धूप पात्र को दस वार अर्ध चन्द्राकार घुमाकर भगवती के बायीं ओर रख दें।

धूपान्ते पुनराचमनीयं समर्पयामि नमः।

दीप - कर्पूर सुवासित घृत पूरित दीप को सामने रखकर जलायें। जल से प्रोक्षण करें। बांये हाथ से घण्टा बजाते हुए दीप-पात्र को दाहिने हाथ में लेकर दीप दिखायें-

सुप्रकाशो महद्दीपः सर्वतः तिमिरापहः
सवाह्याभ्यन्तर ज्योतिः दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै दीपं दर्शयामि नमः।**

दीपक को दस वार आपाद-मस्तक घुमाकर भगवती के दाहिने ओर मण्डल वनाकर आधार पर रख दें।

'मूलं' दीपान्ते पुनराचमनीयं समर्पयामि नमः।

विशेष ध्यातव्य - धूप पात्र और दीप पात्र को सीधे भूमि पर नहीं रखा जाता। उन्हें आधार पर ही रखा जाता है।

भगवती को तीन बार पुष्पाञ्जलि समर्पित करने के बाद नैवेद्य समर्पित करें।

नैवेद्य -अपने आसन और श्रीयंत्र के मध्य की भूमि को स्वच्छ करके सामान्य-अर्घ्य के जल से प्रोक्षण करें। 'मण्डल' वनाकर उस पर 'आधार' स्थापित करें। आधार का प्रोक्षण करके उस पर विविध व्यञ्जन समन्वित नैवेद्य का थाल रखें।

'फट्' मन्त्र से उसका अभ्युक्षण करें। 'हुम्' से अवगुण्ठन और 'फट्' मन्त्र से उसकी संरक्षा करें। सुधा बीज (वं) से धेनु मुद्रा दिखाकर उसे अमृतमय करें। 'सात' बार मूल-मंत्र का जप करके उसे अभिमन्त्रित करें।

दाहिने हाथ में शुद्ध जल-पात्र और बांये हाथ की अंगुलियों से ग्रास (नैवेद्य) मुद्रा दिखाते हुए नैवेद्य समर्पित करें-

ॐ॥ सत्पात्र सिद्धं सुहविः विविधानेकभक्षणम्।
नैवेद्यं निवेदयामि, सानुग्रहाय गृहाण तत्॥

मूलं - श्री कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै नैवेद्यं निवेदयामि।
हे शिवे! हविरिदं जुषाण।

जल छोड़कर नैवेद्य प्रदान करें। इसके बाद

(१) ॐ प्राणाय स्वाहा (२) अपानाय स्वाहा (३) ॐ व्यानाय स्वाहा (४) ॐ उदानाय स्वाहा (५) समानाय स्वाहा

यवनिका वनकर यह भावना करें कि भगवती प्रमुदित मन से नैवेद्य ग्रहण कर रही है।

कुछ क्षणों के बाद यह मानकर कि भगवती भोजन कर चुकी है, उन्हें पानीय, आचमनीय आदि प्रदान करें। यथा–

मूलं- **श्री कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै नमः**

- पानीयं समर्पयामि नमः।

- पुनराचमनीयं समर्पयामि नमः।

- गण्डूषार्थं जलं समर्पयामि नमः।

- हस्त प्रक्षालनाय चन्दन चर्चित जलं समर्पयामि नमः।

भगवती का हाथ धुलाकर गत सार नैवेद्य को उठकार ईशान कोण में रख दें। स्थान को साफ करके किसी पात्र में प्रक्षालित ऋतुफल रखकर उसे धेनु मुद्रा दिखायें। तदन्तर फल समर्पित करें–

मूलं - **एतानि ऋतु फलानि श्री कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै समर्पयामि नमः।**

फल समर्पण करने के बाद पुनः आचमन कराकर ताम्बूल प्रदान करें।

खदिर (कत्था) लौंग इलायची और सुपारी गर्भित एवं कर्पूर सुवासित ताम्बूल वीटिका (बीडा) को सामान्य अर्घ्य के जल से प्रक्षालित एवं धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करके बांये हाथ की तत्व मुद्रा से भगवती को समर्पित करें-

मूलं।। पुंगीफलं महद्दिव्यं नागवल्ली दलैः युतम्।
एला चूर्णादि संयुक्तं, ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।।

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहितायै श्री महात्रिपुर सुन्दर्यै नमः।**
ताम्बूलं समर्पयामि।

शंख के जल से तीन बार तर्पण एवं भगवती को पञ्च पुष्पांजलि (सिर, हृदय, मूलाधार, चरण एवं सर्वांग को) प्रदान करके 'आवरण पूजन' हेतु अनुमति मांगें-

आवरण पूजन

मूलं - **संविन्मये परे देवि! परामृत रसप्रिये**
अनुज्ञां त्रिपुरे देहि, परिवारार्चनाय ते।।

पुष्पाञ्जलि देकर सर्वप्रथम षडंग पूजन करें-

ऐं हृदयाय नमः - अग्निकोण में
क्लीं शिरसे स्वाहा - ईशान कोण में
सौः शिखायै वषट् - नैऋत्य में
ऐं कवचाय हुम् - वायव्य में
क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट् - मध्य में

सौः अस्त्राय फट् - चारों ओर

पुष्पाञ्जलि देकर मध्य त्रिकोण के ऊपर गुरु-पंक्ति का पूजन करें। यथा-

ऐं ह्रीं श्रीं गुरुभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं गुरु पादुकेभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं परम गुरुभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं परम गुरु पादुकेभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं परात्पर गुरुभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं परात्पर गुरु पादुकेभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं परमेष्ठि गुरुभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं परमेष्ठि गुरु पादुकेभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं आचार्येभ्यो नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं आचार्य पादुकेभ्यो नमः।

उपर्युक्त मंत्रों से गुरु-पंक्ति का पूजन-तर्पण करने के बाद भूपुर की प्रथम रेखा से आवरण शक्तियों का पूजन-तर्पण प्रारम्भ करें। दाहिने हाथ के अंगूठे और अनामिका से गन्धाक्षत लेकर पूजन और बांये हाथ के अंगूठे और अनामिका को जोड़कर तत्त्व मुद्रा से (फूल और शंख-जल से) तर्पण किया जाता है-

चतुरस्र की प्रथम रेखा पर

ऐं ह्रीं श्रीं अणिमाद्यष्ट सिद्धि श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

चतुरस्र की मध्य रेखा पर

ऐं ह्रीं श्रीं ब्राह्मी आदि अष्ट देवी श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

चतुरस्र की अन्तिम रेखा पर

ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिण्यादि मुद्रा देवी श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरा चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

इसके बाद चक्रेश्वरी के सामने

अत्र त्रैलोक्य मोहन चतुरस्र चक्रे त्रिपुरा चक्रनायिकाधिष्ठते एताः अणिमाद्याः प्रकट योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

पुष्पाञ्जलि देकर शंख का जल हाथ में लेकर-

ॐ॥ अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम्।

मूलं - कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी पादुकाभ्यां समर्पयामि नमः।

द्वितीयावरणार्चनम् -

षोडश कमल दल वाले सर्वाशा परिपूरक चक्र में-

ऐं ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः कामाकर्षिणी आदि षोडश नित्या कला श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

चक्र के अग्र भाग में-

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरेशी श्रीचक्र नायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्वाशा परिपूरके षोडश दल चक्रे त्रिपुरेशी चक्रनायिकाधिष्ठते एताः कामाकर्षिणी आदि गुप्त योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिता तर्पिताः सन्तु।

इस मन्त्र से अर्घ्य जल छोड़कर पूर्ववत् मूल देवता को समर्पण करें-

ॐ॥ अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं द्वितीयावरणार्चनम्।

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी**
श्रीपादुकाभ्यां समर्पयामि नमः।

तृतीयावरणार्चनम् -

अष्टदल चक्र में-

ऐं ह्रीं श्रीं अनङ्ग कुसुमाद्यष्ट देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरसुन्दरी चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्व संक्षोभ करे अष्ट दल चक्रे त्रिपुरसुन्दरी चक्रनायिकाधिष्ठते एताः अनंग कुसुमाद्या गुप्ततर योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

इस मंत्र से अर्घ्य जल छोड़कर पूर्ववत् मूल देवता को समर्पण करें-

ॐ॥ अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं तृतीयावरणार्चनम्।

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी**
श्रीपादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

चतुर्थावरणार्चनम् -

चतुर्दशार चक्र में-

ऐं ह्रीं श्रीं सर्व संक्षोभिण्यादि चतुर्दश देवी
श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में-

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरवासिनी चक्र नायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्व सौभाग्य दायके चतुर्दशार चक्रे त्रिपुरवासिनी चक्रनायिकाधिष्ठते एताः सर्व संक्षोभिण्यादि शक्तयः सम्प्रदाय योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः पूजिताः तर्पिता सन्तु।

अर्घ्य जल छोड़कर पूर्ववत् मूल-देवता को समर्पण करें-

ॐ॥ अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं तुरीयावरणार्चनम्।

मूलं - श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी
श्री पादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

पंचमावरणार्चनम् -

बहिर्दशार चक्र में-

ऐं ह्रीं श्रीं सिद्धिप्रदादि देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरा श्री चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्वार्थ साधके बहिर्दशार चक्रे त्रिपुराश्री चक्रनायिकाधिष्ठते एताः सर्वसिद्धि प्रदादि देव्याः कुल-कौलिनी योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

अर्घ्य जल छोड़कर मूल देवता को समर्पण करें-

ॐ॥ अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं पञ्चमावरणार्चनम्।

मूलं - श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी
श्री पादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

षष्ठावरणार्चनम् -

अन्तर्दशार चक्र में-

ऐं ह्रीं श्रीं सर्वज्ञादि देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुर-मालिनी चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्व रक्षाकरे अन्तर्दशार चक्रे त्रिपुर मालिनी चक्रनायिकाधिष्ठते एताः सर्वाज्ञाद्या देव्याः निगर्भ योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

अर्घ्य जल छोड़कर मूल देवता को समर्पण करें-

ॐ॥ अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं षष्ठावरणार्चनम्।

मूलं - श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी
श्रीपादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

सप्तमावरणार्चनम् -

सर्वरोगहर अष्टार चक्र में-

ऐं ह्रीं श्रीं वशिन्याद्यष्ट वाग्देवता श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

चक्र के अग्र भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरा-सिद्धा चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्वरोग हरे अष्टार चक्रे त्रिपुरा-सिद्धा चक्रनायिकाधिष्ठते एताः वशिन्यादि रहस्य योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

अर्घ्य जल छोड़कर मूल देवता को समर्पण करें-

ॐ।। अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं सप्तमावरणार्चनम्।

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी**
श्रीपादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

अष्टमावरणार्चनम् -

अन्तराले त्र्यस्रे (मूल त्रिकोण) में मूल मंत्र से षडंगों की पूजा करें। इसके बाद -

अग्र कोण में -

ऐं ह्रीं श्रीं कामेश्वरी नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

दक्षिण कोण में -

ऐं ह्रीं श्रीं वज्रेश्वरी नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

वाम कोण में -

ऐं ह्रीं श्रीं भग मालिनी नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुराम्बिका चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्व सिद्धि प्रदे त्र्यस्रचक्रे बाणचाप-पाशांकुश विभूषितान्तराले त्रिपुराम्बिका चक्रनायिकाधिष्ठते एताः कामेश्वर्याद्याः रहस्यातिरहस्य योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

अर्घ्य जल छोड़कर -

ॐ।। अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं अष्टमावरणार्चनम्।

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी**
श्री पादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

नवमावरणार्चनम् -

बिन्दु के मध्य में-

ऐं ह्रीं श्रीं श्री महात्रिपुरसुन्दरी नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

उपर्युक्त मन्त्र से तीन बार पूजन-तर्पण करके

बिन्दु के वाम भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं योनि-मुद्रा श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्र के अग्र भाग में -

ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुर-भैरवी चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के समक्ष-

अत्र सर्वानन्द मये परं ब्रह्मस्वरूपिणी वैन्दव चक्रे त्रिपुर-भैरवी चक्रनायिकाधिष्ठिते एताः सर्व चक्रेश्वरी योगिन्यः स-मुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजिताः तर्पिताः सन्तु।

अर्घ्य जल छोड़कर -

ॐ।। अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले
भक्त्या समर्पये तुभ्यं नवमावरणार्चनम्।

मूलं - **श्री कामेश्वर शिव सहिता श्री महात्रिपुर सुन्दरी**
श्री पादुकाभ्यां समर्पणमस्तु।

दारिद्र्यध्वंसिनि अर्चन

'श्रीयंत्र' पर भगवती ललिता का यथा-विधि संहार-क्रम से अर्चन करने के बाद दरिद्रता से पीड़ित आराधक इस महा-अभिशाप से निवृत्ति के लिए भगवती ललिता का दारिद्र्य-ध्वंसिनी पूजा श्रीयंत्र पर करें।

एतदर्थ आराधक भगवती ललिता का भगवती महालक्ष्मी के रूप में ध्यान करें। यथा-

हार नूपुर संयुक्ता कमल-द्वय धारिणी।
लक्ष्मीः पर शिवमयी शुद्ध जाम्बूनद प्रभा।।
तेजो रूपा च कमले वसति विश्वमोहिनी।
सर्व भूषोज्वलाङ्गी च बीजपूरधरा तथा।।

ध्यान करने के बाद भगवती का मूल बिन्दु पर पञ्चोपचार अथवा षोडशोपचार अर्चन करें।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्री महालक्ष्म्यै नमः गन्धं विलेपयामि नमः।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्री महालक्ष्म्यै नमः पुष्पं समर्पयामि नमः।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्री महालक्ष्म्यै नमः धूपं आघ्रापयामि नमः।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्री महालक्ष्म्यै नमः दीपं दर्शयामि नमः।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्री महालक्ष्म्यै नमः नैवेद्यं निवेदयामि नमः।

आचमन कराकर पानी प्रदान करें।

इसके बाद ऋतुफल और ताम्बूल प्रदान करके पुष्पांजलि दें। भगवती से उनकी आवरण शक्तियों के अर्चन की अनुमति मांगें-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं
संविन्मये परे देवि, परामृत रस प्रिये।
अनुज्ञां मे रमे देहि, परिवारार्चनाय ते।।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

प्रथमावरणे - बिन्दवे

भगवती से अनुमति प्राप्त करने के बाद आवरण अर्चन प्रारम्भ करें। यह अर्चन सृष्टि क्रम से किया जाता है। अतः वैन्दव चक्र पर 'प्रथमावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि प्रदान करके प्रथम आवरण की बीस शक्तियों का पूजन तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं आद्याशक्तये नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सकलजनन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कलशधारिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विष्णुवामांगसंस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कमलालयायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्रीमत्सौभाग्यदायिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भार्गव्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सनातन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वकामफलावाप्ति साधनैक सुखाव्हायै नमः।
श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हिरण्यवर्णायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हरिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सुवर्णललितस्रजायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समस्तसम्पत्सुखदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अखिल सौभाग्यदायिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समस्त कल्याणकार्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं ज्ञानदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हरिप्रियायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विज्ञानसम्पत्सुखदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अश्वपूर्वायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हिरणमय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : **अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।**
भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम्॥१॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः प्रथमावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

द्वितीय-आवरण अर्चन

'द्वितीयावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर **'त्रिकोण'** चक्र की बीस देवियों का पूजन-तर्पण करें।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विचिवागभूतिकर्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रथमध्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मनोहरायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हस्तिनादप्रमोदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अनन्तसौभाग्यदायिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वभूतान्तरस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्वर्णप्राकार मध्यगायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समस्तभूतेश्वर्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विश्वरूपायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रभामय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दारिद्र्यदुःखतमो हंत्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दीनार्तिविच्छेद दक्षायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कृपाकलितलोचनायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रणतस्वान्तशोकघ्न्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शरणागतरक्षणायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शान्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कान्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मसंस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कमनीयगुणाश्रयायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : **अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।**
भक्त्या समर्पये तुभ्यं द्वितीयावरणार्चनम्॥२॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः द्वितीयावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

तृतीय-आवरण अर्चन

'तृतीयावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर **'अष्टार चक्र'** की क्षान्ति आदि देवताओं का पूजन-तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्षान्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दान्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दुरितक्षयकारिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शशिशेखर संस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धन-धान्यसमृद्धिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शक्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रत्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं नित्यपुष्टायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रजनीकरसोदरायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कर्षिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भक्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भवसागरतारिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मत्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सिद्ध्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धृत्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मधुसूदनवल्लभायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पुष्ट्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हिरण्यमालायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शुभलक्षणलक्षितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अतिदुर्गति हन्त्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं तृतीयावरणार्चनम्॥२॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः तृतीयावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

चतुर्थ आवरण अर्चन

'चतुर्थावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर 'अन्तर्दशार चक्र' में वर सद्गति दायिनी आदि बीस शक्तियों का पूजन-तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं वरसद्गतिदायिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दिवि-देवगणाराध्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भुवनार्तिविनाशिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं आर्द्रायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पुष्करिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पुष्ट्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धरणीधरवल्लभायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दारिद्र्यदुःखहन्त्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भयविध्वंसिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्री विष्णुवक्षःस्थलगायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अशेषसुविभूतिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं लक्षणांग्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं लक्षितांग्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मासनार्चितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विद्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सम्पत्कर्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं देवसंघाभिपूजितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भद्रायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भाग्यरूपायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥
पुष्पांजलि देकर : अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं चतुर्थावरणार्चनम्॥२॥
सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः चतुर्थावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

पंचम आवरण अर्चन

'पंचमावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर 'बहिर्दशार चक्र' में नित्या आदि देवताओं का पूजन-तर्पण करें। यथा-
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं नित्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं निर्मलबुद्धिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सत्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वभूतस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रत्नगर्भान्तरस्थितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रम्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शुद्धायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कान्तायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कान्तिमद्भासितांगकायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसौख्यप्रदा देव्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं देव्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भक्तौघाभयदायिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्वेतद्वीपकृतावासायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं जगन्मात्रे नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं जगन्मय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रत्नगर्भस्थितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सौम्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्षीराम्बुधिकृतालयायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रसन्नहृदयायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं परिपूर्णायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥
पुष्पांजलि देकर : अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं पञ्चमावरणार्चनम्॥२॥
सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः पञ्चमावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

षष्ठावरण अर्चन

'षष्ठावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर 'चतुर्दशार चक्र' में हिरण्यमयी आदि देवियों का पूजन-तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हिरणमय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं वसुन्धरायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्रीधरायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं वसुदोग्ध्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कृपामय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विष्णुप्रियायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रत्नगर्भायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समस्तफलदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रसातलगतायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सुव्रतायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हरिप्रियायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धरणीगर्भसंस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समुन्नतमुख्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समस्तपुरसंस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं परिपूर्णमनोरथायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं करुणारसनिःष्यन्दनेत्रद्वयविलासिन्यै नमः।
श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वराजगृहावासायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गुणान्वितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं बैकुण्ठनगरस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : **अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।**
भक्त्या समर्पये तुभ्यं षष्टमावरणार्चनम्॥२॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः षष्टमावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

सप्तम आवरण - अर्चन

'सप्तमावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर 'अष्टदल चक्र' में क्षीर सागर कन्यका आदि देवियों का पूजन-तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्षीरसागरकन्याकायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं योगिहृत्पद्मसंस्थायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कल्पवल्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दयावत्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भक्तचिन्तामण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं आदिमायायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं इन्दिरायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं रमायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं निराकारायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं साकारायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं ब्रह्माण्डचयधारिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं एकनाथायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं आद्यालक्ष्म्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अज्ञानहन्त्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गुणातिगायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रज्ञानलोचनायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अशेषवाग्जाड्यमलहारिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सुस्पष्टवाक्प्रदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसम्पद्विराजितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रभासुभगायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : **अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।**
भक्त्या समर्पये तुभ्यं सप्तमावरणार्चनम्॥२॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः सप्तमावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

अष्टम आवरण अर्चन

'अष्टमावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर **'षोडश दल चक्र'** में लावण्य सुभगा आदि देवियों का पूजन-तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं लावण्यसुभगायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दोग्ध्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्वर्णप्रदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं समस्तविघ्नौघहंत्र्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भोगदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विचक्षणायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं देवाधिनाथवन्द्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दीनपोषणतत्परायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मांगल्यबीजायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं महिमायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं निधिरूपिण्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अनन्तगायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं आद्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं आदिलक्ष्म्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं महासिद्धलक्ष्म्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं राजलक्ष्म्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दिव्यलक्ष्म्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सुश्रियै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मंगलदेवतायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भक्तिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं अष्टावरणार्चनम्॥२॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः अष्टमावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

नवम आवरण अर्चन

'नवमावरण देवताभ्यो नमः' से पुष्पांजलि देकर 'भूपुर चक्र' में 'मुक्तिदा' आदि देवियों का पूजन-तर्पण करें। यथा-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मुक्तिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं भुक्तिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सङ्गतिप्रदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कीर्तिदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥४॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धनदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पुत्र-पौत्रविवर्धिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मासनायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मोरवे नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्माक्ष्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं पद्मसम्भवायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१०॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अश्वदाय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥११॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गोदाय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१२॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धनदाय्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१३॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं महाधनायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१४॥

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सूर्यचन्द्राग्निसर्वाभायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१५॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं जातवेदास्त्रसंस्थितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१६॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दिग्गजेन्द्रसमाराध्यायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१७॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दिव्यभूषणभूषितायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१८॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसम्पत्प्रदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥१९॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वार्थसाधिन्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः॥२०॥

पुष्पांजलि देकर : **अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सले।**
भक्त्या समर्पये तुभ्यं नवमावरणार्चनम्॥२॥

सामान्य अर्घ्य का जल लेकर समर्पित करें :

एताः नवमावरण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सशक्तयः पूजितास्तर्पिताः सन्तु॥

इस प्रकार आवरण पूजन करने के बाद भगवती को पुनः धूप-दीप-नैवेद्य समर्पित करें। यथा-

धूप - धूप को प्रज्जवलित करके निम्न मंत्र से धूप समर्पित करें -

ॐ॥ दशाङ्ग गुग्गुलं दिव्यं गवाज्य सितयान्वितम्।
कृष्णागरु युतं देवि! धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सायुधायै सवाहनायै सपरिवारायै महालक्ष्म्यै नमः।
धूपं आघ्रापयामि नमः।

दीप - दीप पात्र का 'फट्' से प्रोक्षण कर 'नमः' से उस पर फूल चढ़ाकर प्रज्जवलित करें और निम्न मंत्र से दीप दिखायें -

ॐ॥ आनन्दोभूत कार्पसि वर्तिराज्य समन्वितम्।
सकर्पूरञ्च देवेशि! दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सायुधायै सवाहनायै सपरिवारायै महालक्ष्म्यै नमः।
दीपं दर्शयामि नमः।

नैवेद्य - अर्चन यंत्र के आगे चतुरस्र मण्डल बनायें। उस पर लाल फूल चढ़ायें। आधार स्थापित करें। उस पर नैवेद्य पात्र रखें। 'फट्' मन्त्र पढ़कर चक्रमुद्रा से संरक्षण करें। 'ॐ ह्रीं नमः' इस मंत्र को पढ़कर सामान्य अर्घ्य के जल से उसका प्रोक्षण करें। दाहिने हाथ के ऊपर बांया हाथ रखें। इस मुद्रा से नैवेद्य को ढककर वायु बीज 'यं' का १६ बार जप करें। इससे नैवेद्य के दोषों का शोषण हुआ। बायें हाथ पर दाहिना हाथ रखकर अग्नि बीज 'रं' का जप कर नैवेद्य के दोषों का 'दहन' करें। बांयें करतल में अमृत बीज 'वं' का जप करके नैवेद्य का अमृतीकरण करें। धेनु मुद्रा दिखायें। 'श्रीं' बीज से उसे अभिमंत्रित करें। बांये हाथ के अंगूठे से नैवेद्य पात्र का स्पर्श करके निम्न मंत्र पढ़ते हुए नैवेद्य समर्पित करें -

लेह्य चोष्य भक्ष्य भोजन नाना पक्वान्न संयुतम्।
पायसापूप वटका दध्योदन सितान्वितम्॥

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

पर्पटा वाटिका तद्वन्नाना संधान संयुतम्।
मोदकानेकजातीया नाना शाक समन्वितम्॥
दुग्धाज्य सितया युक्तं, शुद्ध कासार संयुतम्।
कट्वम्ल मधुरादिभिः नाना स्वादु समन्वितम्॥
समानीतं मया भक्त्या नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्॥

नैवेद्य समर्पित करने के बाद **'ॐ अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा'** - इस मंत्र से आचमन प्रदान करके पञ्च ग्रास मुद्रायें दिखायें। यथा-

ॐ प्राणाय स्वाहा - कनिष्ठा, अनामा, अंगुष्ठ
ॐ अपानाय स्वाहा - अंगुष्ठ, मध्यमा, तर्जनी
ॐ व्यानाय स्वाहा - अंगुष्ठ, अनामा, मध्यमा
ॐ उदानाय स्वाहा - अंगुष्ठ, अनामा, मध्यमा, तर्जनी
ॐ समानाय स्वाहा - सभी अंगुलियों से

भगवती महालक्ष्मी और अपने बीच यवनिका (पर्दा) पड़ी है, यह कल्पना करें। हाथ में फूल लेकर वन्दना करें-

ॐ॥ वामेषु स्वर्णपात्रीमनुपम परमान्ने पूर्णा दधाना
वत्येन स्वर्ण दर्वी निजजन हृदयाभीष्टदा धारयन्ती।
सिन्दूरारक्तवस्त्रा विविध मणि लसद् भूषणामिचकांगी।
तिष्ठन्ती प्रागस्ते मधुमद मुदिता अन्नपूर्णा सदैव
पंक्त्योपविष्टान् परितस्तु चक्र- शक्त्यास्त्रियालिंगित वाम भागान्
सर्वोपचारैः परिपूज्य भक्त्या तवाम्बिके पारिषदान्नमामि

पुष्पाञ्जलि प्रदान करें। श्रीपात्र के अमृत से तत्व मुद्रा से भगवती को तर्पण करायें-

ॐ ऐं आत्म तत्त्व व्यापिका श्री महालक्ष्मी तृप्यतु
ॐ क्लीं विद्या तत्त्व व्यापिका श्री महालक्ष्मी तृप्यतु
ॐ सौः शिव तत्त्व व्यापिका श्री महालक्ष्मी तृप्यतु
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सर्वतत्व व्यापिका श्री महालक्ष्मी तृप्यतु

होम - इसके बाद यदि सुविधा और सामर्थ्य हो तो सुसंस्कृत हव्यवाह अग्नि में भगवती का आव्हान करके श्री सूक्त के 15 मन्त्रों से घृत आहूतियां डालकर हवन करें। यदि घृत की शुद्धता एवं पवित्रता में सन्देह हो तो हवन नहीं करें। यही श्रेयस्कर है।

पञ्च बलि विधान

तर्पण अथवा हवन के बाद श्रीविद्यार्चन की परम्परा के अनुसार बटुक आदि पांच बलि देवताओं को बलि प्रदान करें। यह बलि अनिवार्य है। इन देवताओं को प्रत्यक्ष बलि नहीं दिये जाने से सकाम अनुष्ठान का कोई फल नहीं मिलता। यहां बलि का अर्थ इन देवताओं को वही भोज्य-पदार्थ समर्पण है जो भोज्य पदार्थ भगवती को नैवेद्य के रूप में समर्पित किया गया है। यह बलि भगवती को अर्पित नैवेद्य से नहीं

दी जाती। 'बलि' के लिए अलग से भोज्य पदार्थ रखा जाता है। यद्यपि 'नैवेद्य' और 'बलि' का द्रव्य एक ही है मगर दोनों में अन्तर है। भगवती को समर्पित 'नैवेद्य' उनके प्रसाद के रूप में अनिवार्यतः ग्राह्य है, प्रसाद ग्रहण नहीं करने से प्रत्यवाय होता है, परन्तु बटुक आदि बलि देवताओं को समर्पित 'बलि' का द्रव्य किसी के लिए भी ग्राह्य नहीं है। वह सर्वथा अग्राह्य है। वह पूजा घर से बाहर 'उच्छिष्ट-भैरव' को अर्पित कराया जाता है।

१. बटुक बलि -

बलि समर्पित करने के लिए अर्चन-पीठ के ईशान कोण में भूमि पर '**ॐ ऐं ह्रीं ह्रूं व्यापक मण्डलाय नमः**' मंत्र का जप करते हुए 'त्रिकोण-वृत्त-चतुरस्र' युक्त मण्डल बनायें। "**ॐ बटुकनाथ बलि मण्डलाय नमः**" से इस मण्डल का गंध पुष्प से पूजन करें। मण्डल पर आधार (तिपाई आदि) रखें। "**बटुक नाथ! इहागच्छ, इह तिष्ठ, इह सन्निधेहि, इह सम्मुखी भव**" पढ़ते हुए आवाहनी आदि मुद्रायें दिखाकर वटुक नाथ का आव्हान करें।

"वां हृदयाय नमः। 'वीं' शिरसे स्वाहा। 'वूं' शिखायै वषट्। 'वैं' कवचाय हुम्। 'वौं' नेत्रत्रयाय वौषट्। 'वः' अस्त्राय फट्।"

इन षडङ्ग मंत्रों से सकलीकरण करें। आधार पर बलि-द्रव्य (पूड़ी, सब्जी, चावल, दाल, वड़ा आदि यथा-उपलब्ध भोजन-द्रव्य तथा मिठाई) रखकर '**ॐ बटुकनाथ बलि द्रव्याय नमः**' से उसका पूजन करें। बलि-पात्र पर 'घी' में भीगी हुई फूल बत्ती रखकर उसे जलायें। बांये हाथ की 'तत्त्व मुद्रा' से बलि पात्र (यदि बलिपात्र स्थापित नहीं किया है तो श्रीपात्र/विशेषार्घ्य) के अमृत की बूंदें दीपक की लौ पर इस तरह टपकायें कि वह बुझने न पाये। यह बलि समर्पण की प्रक्रिया है। बलि समर्पित करते समय यह मंत्र पढ़ें -

हे माँ! ईशत्व नाम से कलुषित (अहंकारवश स्वयं को ईश्वर मानने वाले) ब्रह्मादि न जाने कितने ही देवता प्रत्येक युग में सृष्टि के समय उत्पन्न होते हैं तथा प्रलय के समय विलीन हो जाते हैं अर्थात् किसी का भी जीवन स्थिर नहीं है। परन्तु जो व्यक्ति एक बार भी आपके चरणों में प्रणाम कर लेता है अर्थात् 'मनसा-वाचा-कर्मणा' स्वयं को आपके चरणों में समर्पित कर देता है, वही स्थिरता रूपी सिद्धि को प्राप्त कर स्थिर होता है। तात्पर्य यह कि वह जन्म-मरण से मुक्त होकर सदा के लिए मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

लब्ध्वा सकृत्त्रिपुरसुन्दरि तावकीनं
कारुण्यकन्दलितकान्तिभरं कटाक्षम्।
कन्दर्पकोटिसुभगास्त्वयि भक्तिभाजः
सम्मोहयन्ति तरुणीर्भुवनत्रयेषु॥४॥

हे त्रिपुर-सुन्दरी! आपके चरण-कमलों में भक्ति-भाव रखने वाले आपके भक्तजन, आपकी करुणा से उत्पन्न सौन्दर्यमयी (कल्याणकारी) कृपा-दृष्टि को यदिएक बार भी प्राप्त कर लेते हैं तो वे करोड़ों कामदेवों के समान सुन्दरता रूपी ऐश्वर्य से सम्पन्न होकर तीनों लोकों की युवतियों को सम्मोहित करने वाले हो जाते हैं अर्थात् त्रिभुवन में व्याप्त माया-रूपी तरुणी से स्वयं मोहित न होकर उसे ही सम्मोहित कर उससे मुक्त हो जाते हैं।

ह्रींकारमेव तव नाम गृणन्ति वेदा
मातस्त्रिकोणनिलये त्रिपुरे त्रिनेत्रे।
त्वत्संस्मृतौ यमभटाभिभवं विहाय
दीव्यन्ति नन्दनवने सह लोकपालैः॥५॥

हे त्रिकोणनिवासिनि (श्री चक्रस्थ त्रिकोण के मध्य-स्थित बिन्दु में निवास करने वाली अथवा त्रिभुवन में व्याप्त मूल-शक्ति रुपिणी) त्रिनयन त्रिपुर-सुन्दरि! हे माता! चारों वेद 'ह्रीं' कार को ही आपका नाम बतलाते हैं। आपके इस नाम का स्मरण कर लेने पर (सदा सम्यक् रूप से निरन्तर जप करने वाला) मनुष्य यमदूतों के दमन व तिरस्कार से मुक्त होकर लोकपालों के साथ स्वर्गीय नन्दनवन में विहार करता है। तात्पर्य यह है कि आपके इस (ह्रीं) नाम का नित्यजप करने वाला आपका भक्त यम-नियम-आसनादि समस्त साधन कष्टों से निरपेक्ष होकर इन्द्रियों के द्वारा सांसारिक सुखों का भोग करता हुआ भी सदा मुक्ति के परमानन्द में विलीन रहता है।

हन्तुः पुरामधिगलं परिपूर्यमाणः
क्रूरः कथं नु भविता गरलस्य वेगः।
नाश्वासनाय किल मातरिदं तवार्धं
देहस्य शश्वदमृताप्लुतशीतलस्य॥६॥

हे माता! निरन्तर अमृत से आप्लावित (अभिषिञ्चित) रहने के कारण सदा शीतल आपका यह अर्द्धाङ्ग, त्रिपुर-हन्ता शिव को आश्वासन प्रदान करने के लिए, उनकी सुरक्षा में जब उनके साथ सदा संलग्न रहता है तो उनके गले में पूरी तरह भरा हुआ विष का प्रभाव भला अनिष्टकर कैसे हो सकता था अर्थात् अनिष्ट कर विष भी आपके प्रभाव से शिव के लिए अमङ्गलकारी न होकर सौन्दर्य-वर्धक हो गया। इसी प्रकार हे माता! जिन भक्तों के हृदय में निरन्तर आपका निवास है उनके लिए सांसारिक कर्म तथा भोग बन्धनकारक न होकर, आपकी आराधना-स्वरूप बनकर (यद्यत् कर्म करोमि तत्तदखिलं देवि! तवाराधनं) उनकी मुक्ति के कारक ही सिद्ध होते हैं।

सर्वज्ञतां सदसि वाक्पटुतां प्रसूते
देवि त्वदङ्‌घ्रिसरसीरुहयोः प्रणामः।
किं च स्फुरन्मुकुटमुज्ज्वलमातपत्रं
द्वे चामरे च वसुधां महतीं ददाति॥७॥

हे देवि! आपके चरणों में किया हुआ सर्व-समर्पण रूप प्रणाम सर्वज्ञता के साथ ही विद्वानों की सभा में वाक्चातुर्य को भी उत्पन्न करने वाला है। इतना ही नहीं वह प्रणाम करने वाले भक्त को दिव्याभासम्पन्न राजमुकुट, श्वेत छत्र, दो चामर और विशाल पृथ्वी का साम्राज्य भी प्रदान कर देता है।

जो 'सत्' है वही 'तत्' है। सदसि अर्थात् सत् असि-तत् असि-तत्(त्वम्) असि। इस प्रकार आपके चरणों में किया हुआ नमन 'तत् त्वमसि' के उपदेश द्वारा ब्रह्मज्ञान प्रदान करने वाला है, तथा ''एक विज्ञाते सर्व विज्ञातं भवति'' के अनुसार नमन-कर्ता को सर्वज्ञ भी बना देता है। फिर उसके मुख से वाणी 'वेद-वाणी' के रूप में ही निकलती है। 'स सम्राडो भवति' के अनुसार वह सम्पूर्ण चराचर, दृश्य-अदृश्य प्रकृति का स्वामी हो जाता है। ब्रह्मज्ञानरूपी दिव्य राजमुकुट से उसका मुख-मण्डल सदा आभासित रहता है। इस ज्ञान की छत्र-छाया में वह संसार की भीषण ज्वालाओं से सदा सुरक्षित रहता है। 'भुक्ति और मुक्ति सदा दो दासियों (चामरों) की भाँति उसका सेवा में तत्पर रहती हैं। अपने सम्पूर्ण ऐश्वर्य के साथ समस्त सिद्धियाँ तथा निधियाँ उसी का ही आश्रय ग्रहण करती हैं।

कल्पद्रुमैरभिमतप्रतिपादनेषु
कारुण्यवारिधिभिरम्ब भवत्कटाक्षैः।
आलोकय त्रिपुरसुन्दरि मामनाथं
त्वय्येव भक्तिभरितं त्वयि दत्तदृष्टिम्॥८॥

हे माँ त्रिपुरसुन्दरि! आप भक्तों की अभिलाषाओं को पूर्ण करने में कल्प-वृक्ष के समान हैं। करुणारूपी सागर से युक्त अपनी कृपा-कटाक्ष द्वारा बस एक बार ही मुझ (जीव) अनाथ (जो 'अनाथ' अर्थात् जिसका कोई 'नाथ' न हो तात्पर्य यह कि जो 'सर्वनाथ' हो, ऐसा होते हुए भी जो स्वयं को 'अनाथ' दीन-हीन समझ रहा हो) को देख लें अर्थात् अपनी ज्ञान-दृष्टि से मेरे अज्ञान को निरोहित कर दें। हे माँ! मैं सर्वाश्रय रहित केवल आपकी भक्ति में ही पूर्णतया लीन तथा आपकी ओर ही दृष्टि लगाये हुए हूँ। तात्पर्य यह कि मेरी दृष्टि जिधर भी जाती है उधर आपके अतिरिक्त अन्य कुछ भी दिखाई नहीं देता -''जित देखूँ तित श्याम-मयी है''।

हन्तेतरेष्वपि मनांसि निधाय चान्ये
भक्तिं वहन्ति किल पामरदैवतेषु।
त्वामेव देवि मनसा वचसा स्मरामि
त्वामेव नौमि शरणं जननि त्वमेव॥९॥

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

हे माँ (देवि)! कितने दुख की बात है कि भक्त के लिए स्वयं को भी अर्पित कर देने वाली आपकी महिमा को न जानकर अन्यान्य जन आपके अतिरिक्त दूसरे क्षुद्र देवताओं की मन लगाकर उनकी भक्ति का भार वहन (धारण) करते हैं, क्योंकि उन देवताओं के लिए उनके भक्त 'पशु' के समान ही हैं। हे माँ! मैं तो केवल आपका ही मन-वाणी से स्मरण करता हूँ तथा केवल आपको ही प्रणाम करता हूँ। मेरे लिए आपके अलावा अन्य कोई भी इस संसार में शरण देने योग्य नहीं है- 'त्वमेव शरणं मम''।

लक्ष्येषु सत्स्वपि तवाक्षिविलोकनाना-
मालोकय त्रिपुरसुन्दरि मां कथंचित्।
नूनं मया तु सदृशं करुणैकपात्रं
जातो जनिष्यति जनो न च जायते च॥१०॥

हे माँ त्रिपुरसुन्दरि! आपके नेत्रों द्वारा देखने योग्य संसार में बहुत सी वस्तुएं हैं। सारी सृष्टि ही आपकी दृष्टि का विलास हैं। ऐसा होने पर भी, किसी प्रकार आप मुझ पर भी अपनी दृष्टि डालें। क्योंकि वास्तव में, मुझ जैसा आपकी करुणा का एकमात्र पात्र (अधिकारी) भूत में न कोई हुआ है, वर्तमान में न कोई है और भविष्य में न कोई पैदा होगा।

जब भक्त अपने 'अहं' को सर्वथा अपने आराध्य में विलीन कर उससे एकत्व (अभेद) स्थापित कर लेता है तो आराध्य के हृदय में स्थित करुणा स्वयं ही उसे उसके (आराध्य के) सम्पूर्ण ऐश्वर्य का पात्र (अधिकारी) बना देती है।

ह्रीं ह्रीमिति प्रतिदिनं जपतां तवाख्यां
किं नाम दुर्लभमिह त्रिपुराधिवासे!
मालाकिरीटमदवारणमाननीयां
स्तान् सेवते वसुमती स्वयमेव लक्ष्मीः॥११॥

हे त्रिपुरनिवासिनि माँ! आपके जो भक्त प्रतिदिन निरन्तर ''ह्रीं'', ''ह्रीं'' रूप में आपके नाम का जप करते रहते हैं, उनके लिए इस संसार की कोई भी वस्तु अप्राप्य नहीं रह जाती। आपके कृपा प्रसाद द्वारा प्राप्त राजोचित रत्नमाला, मुकुट और मदमत्त गजराजों से युक्त उन माननीय भक्तों की सेवा तो वैभवशालिनी लक्ष्मी स्वयं विना कहे ही करती रहती है।

सम्पत्कराणि सकलेन्द्रियनन्दनानि
साम्राज्यदानकुशलानि सरोरुहाक्षि।
त्वद्वन्दनानि दुरिताहरणोद्यतानि
मामेव मातरनिशं कलयन्तु नान्यम्॥१२॥

हे कमलनयनि माँ! आपकी वन्दनाएँ (भक्तिपूर्वक की गई पूजार्चना-जपादि) सम्पत्ति (सौभाग्य) प्रदान करने वाली तथा समस्त इन्द्रियों को आनन्दित करने वाली हैं अर्थात् मुक्ति तथा भुक्ति दोनों को देने में समर्थ हैं। ये पापों के समूह (जन्म-मरण

के चक्र अथवा सञ्चित, प्रारब्ध तथा क्रियमाण तीनों प्रकार के कर्म बन्धन) को दूर कर साम्राज्य (जीवन्मुक्ति) प्रदान करने में कुशल हैं। हे मातः! आपकी वन्दनाओं से प्राप्त होने वाला यह कृपा प्रसाद केवल मुझे (मुझ जैसे भक्तों को) ही निरन्तर प्राप्त हों दूसरे (अभक्त अनधिकारियों) को नहीं।

कल्पोपसंहरणकल्पितताण्डवस्य
देवस्य खण्डपरशोः परमेश्वरस्य।
पाशाङ्कुशैक्षवशरासनपुष्पबाणा
सा साक्षिणी विजयते तव मूर्तिरेका॥१३॥

ब्राह्म दिन (कल्प) के अवसान काल-कल्पान्त में, सृष्टि के उपसंहार के समय जब समस्त नाम-रूपात्मक प्रपञ्च का विनाश हो जाता है, उस समय पाश, अंकुश, इक्षु-धनुष तथा पुष्प-बाण धारण करने वाली एकमात्र आपकी ही मूर्ति विजयी रूप से, खण्ड परशुधारी देवाधिदेव भगवान रुद्र के ताण्डव नृत्य की साक्षी बनकर स्थित होती है। तात्पर्य यह कि जब मन की समस्त कल्पनाएं शान्त हो जाती हैं, चित्त-विचार शून्य हो जाता है, तब ही जीव-रूपी शिव के समक्ष ध्यान (समाधि) के समय भगवती का स्फुरण होता है और शिव तथा शक्ति के एकत्व होने पर साधक को अभेदत्व की अनुभूति होती है।

लग्नं सदा भवतु मातरिदं तवार्ध
तेजः परं बहुलकुङ्कुमपङ्कशोणम्।
भास्वत्किरीटममृतांशुकनावतंसं
मध्ये त्रिकोणनिलयं परमामृतार्द्रम्॥१४॥

हे माँ! आपका यह परम तेजोमय अर्द्धाङ्ग, जो अत्यधिक कुकुम लेप के कारण रक्ताभ, जगमगाते मुकुट तथा चन्द्रकला के कर्णाभूषणों (कर्ण-फूलों या कुण्डलों) से अलंकृत, त्रिकोण के मध्य में निवास करने वाला और परमामृत से सिक्त है, सदा ही शिव के साथ संलग्न रहे। तात्पर्य यह कि हे माँ! आप मेरे हृदय में जीवरूपी शिव के साथ नित्य विराजमान रहें।

ह्रींकारमेव तव नाम तदेव रूपं
त्वन्नाम सुन्दरि सरोजनिवासमूले।
त्वत्तेजसा परिणतं वियदादिभूतं
सौख्यं तनोति सरसीरुहसम्भवादेः॥१५॥

हे कमलनिवासिनि त्रिपुर सुन्दरि! 'ह्रीं' कार (ह्रीं बीज-मंत्र) ही आपका नाम और यही आपका स्वरूप भी है। आपके इसी नाम के द्वारा, आपके तेज (प्रभाव) से उत्पन्न आकाशादि पञ्चभूतों (के द्वारा समस्त चराचर सृष्टि) एवं आब्रह्म-स्तम्ब पर्यन्त जीवों के सुख का विस्तार होता है। तात्पर्य यह कि सम्पूर्ण जड़-चेतनात्मक सृष्टि के रूप में 'ह्रीं' अर्थात् आप ही स्थित हैं।

॥ फलश्रुति॥

ह्रींकारत्रयसम्पुटेन महता मन्त्रेण संदीपितं
स्तोत्रं यः प्रतिवासरं तव पुरो मातर्जपेन्मन्त्रवित्
तस्य क्षोणिभुजो भवन्ति वशगा लक्ष्मीश्चिरस्थायिनी
वाणी निर्मलसूक्तिभारभरिता जागर्ति दीर्घं वयः॥१६॥

हे माँ! जो मंत्रज्ञ महा-मंत्र स्वरूप तीन 'ह्रीं' कार से सम्पुटित तथा उद्भासित इस स्तोत्र का, आपके समक्ष, प्रतिदिन जप (पाठ) करता है, राजा उसके वश में हो जाते हैं, उसकी लक्ष्मी चिर-स्थायिनी तथा वाणी निर्मल सदूक्तियों से परिपूर्ण हो जाती है। वह दीर्घायु सम्पन्न होकर बहुत काल तक जीवित रहता है।

इति विरचितमेतत्त्रैपुरस्तोत्रमात्रं
प्रकटितपरमार्थं योगिभिर्योगमृग्यम्।
सकलदुरितरोगध्वं सनानन्यकार्यं
प्रथितजनविधानं सेव्यतां भक्तियुक्तैः॥१७॥

इस विशेष रूप से रचित त्रिपुर-सुन्दरी स्तोत्र में योगियों द्वारा योग-साधनाओं के माध्यम से अन्वेषणीय (प्राप्त करने योग्य) केवल परमार्थ तत्व का ही स्पष्ट रूप से निरुपण किया गया है। यह स्तोत्र भक्तों के समस्त पापों तथा रोगों (शारीरिक एवं मानसिक) का विनाश करने वाला और उनकी विभिन्न अभिलाषाओं की पूर्ति करने वाला एकमात्र साधन है। मनुष्य को भक्ति सहित इस स्तोत्र का सेवन (प्रतिदिन पाठ अथवा जप) करना चाहिए। तात्पर्य यह कि साधक भक्ति-पूर्वक निरन्तर इस स्तोत्र के पाठ द्वारा ही सांसारिक भोग एवं 'भव-रोग' नाश पूर्वक मोक्ष को भी प्राप्त कर लेता है।

पाठ के पश्चात पुनः न्यास-ध्यान-मानसोपचारादि करके भगवती को पाठ समर्पित करें :-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गुह्याति गुह्यगोप्त्री त्वम्

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अनेन कल्याण वृष्टि स्तोत्र पाठेन भगवती महात्रिपुरसुन्दरी देवता प्रीयतां न मम।

कनकधारा-स्तोत्र-प्रयोग

(दारिद्र्य-ध्वंसक-प्रयोग)

भगवान शंकराचार्य द्वारा रचित इस 'कनकधारा-स्तोत्र' का नित्य तीन बार (अथवा त्रिकाल) पाठ करने वाला व्यक्ति भगवती श्रीमहालक्ष्मी की कृपा से अपार धन सम्पत्ति का स्वामी होकर कुबेर के समान इस पृथ्वी पर वैभवशाली हो जाता है। किवदन्ती है कि भगवान शंकराचार्य ने इस स्तोत्र के द्वारा भगवती श्री महालक्ष्मी का स्तवन कर किसी निर्धन ब्राह्मण दम्पत्ति के गृह में स्वर्ण वर्षा करायी थी।

इस 'कनकधारा स्तोत्र' के प्रत्येक श्लोक को निम्न मंत्रों (श्लोकों) के द्वारा सम्पुटित कर पाठ करना विशेष फलदायी होता है।

(१) श्रीं

(२) ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद-प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

(३) ततश्चाविरभूत् साक्षाच्छ्री रमा भगवत्परा।
रञ्जयन्ती दिशा कान्त्या विद्युत् सौदामनी यथा॥

(४) श्रीदः श्रीशः श्रीनिवासः श्रीनिधिः श्रीविभावनः।
श्रीधरः श्रीकरः श्रेयः श्रीमाँल्लोकत्रयाश्रयः॥

विनियोग :-

ॐ अस्य श्री कनकधारा स्तोत्र मंत्रस्य भगवान् शङ्कर ऋषिः, शर्करी छन्दः, श्री महालक्ष्मी भुवनेश्वरी देवता, श्रीं बीजं, ह्रीं शक्तिः, ऐं कीलकं, मम समस्त दारिद्र्य दुःख निवारण-पूर्वक धनाकर्षणाय पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास

ॐ शंकर ऋषये नमः	**शिरसि।**
ॐ शर्करी छन्दसे नमः	**मुखे।**
ॐ श्रीमहालक्ष्मी भुवनेश्वरी देवतायै नमः	**हृदि।**
ॐ श्रीं बीजाय नमः	**गुह्ये।**
ॐ ह्रीं शक्तये नमः	**पादयोः।**
ॐ ऐं कीलकाय नमः	**नाभौ।**
ॐ मम समस्त दारिद्र्य दुःख निवारण-पूर्वक धनाकर्षणाय पाठे विनियोगाय नमः	**सर्वाङ्गे।**

इसके बाद कर एवं षडङ्ग न्यास करें।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

	कर-न्यास	षडङ्ग न्यास
ॐ श्रां	अंगुष्ठाभ्यां नमः	हृदयाय नमः
ॐ श्रीं	तर्जनीभ्यां स्वाहा	शिरसि स्वाहा
ॐ श्रूं	मध्माभ्यां वषट्	शिखायै वषट्
ॐ श्रैं	अनामिकाभ्यां हुं	कवचाय हुं
ॐ श्रौं	कनिष्ठकाभ्यां वौषट्	नेत्रत्रयाय वौषट्
ॐ श्रः	करतलकर पृष्ठाभ्यां फट्	अस्त्राय फट्

ध्यान -

ॐ लक्ष्मी क्षीर-समुद्र-राज-तनयां श्रीरङ्ग-धामेश्वरी।
दासी-भूत समस्त देव-वनितां त्रैलोक्य-दीपांगराम्॥
श्रीमन्मद-कटाक्ष-लब्ध-वियद-ब्रह्मेन्द्र-गङ्गा-धराम्।
त्वां त्रैलोक्य-कुटुम्बिनीं सरसिजां वन्दे मुकुन्द-प्रियाम्॥

ध्यान के बाद लं इत्यादि से मानसोपचार पूजन कर स्त्रोत पाठ करें-

अङ्गं हरेः पुलकभूषणमांश्रयन्ती।
भृङ्गाङ्गनेव मुकुलाभरणं तमालम्॥
अङ्गीकृताखिलविभूतिपाङ्गलीला
माङ्गल्यदाऽस्तु मम मङ्गलदेवतायाः॥१॥

जैसे कलियों (अर्द्ध-विकसित पुष्पों) से सुशोभित तमाल वृक्ष पर भ्रमरी मंडराती रहती है, उसी प्रकार जो अपने समस्त ऐश्वर्यों सहित श्री विष्णु के पुलकावली (रोमों) से अलङ्कृत अङ्ग (हृदय) पर सदा आश्रय लिए रहती है, ऐसी उस समस्त मङ्गलों की अधिष्ठात्री श्री लक्ष्मी की कृपा-दृष्टि मेरे लिए मङ्गलदायिनी हो।

मुग्धा मुहुर्विदधती वदने मुरारेः।
प्रेमत्रपाप्रणिहितानि गतागतानि।
माला दृशोर्मधुकरीव महोत्पले या
सा मे श्रियं दिशतु सागरसम्भवायाः॥२॥

जिस प्रकार कोई भ्रमरी किसी बड़े कमल-पुष्प पर बार-बार बैठती और उड़ती रहती है, उसी प्रकार सागर-तनया श्री लक्ष्मी की दृष्टि हृदय-गत प्रेम से प्रेरित होकर श्री विष्णु के मुख-मण्डल की ओर आती है और फिर लज्जा के कारण लौट जाती है। इस प्रकार बार-बार दृष्टि के आने-जाने के कारण उत्पन्न हुई जो दृष्टि-माला है, वह मुझे धन-सम्पत्ति (सांसारिक वैभव) प्रदान करे।

विश्वामरेन्द्रपदविभ्रमदानदक्ष-
मानन्दहेतुरधिकं मुरविद्विषोऽपि।
ईषन्निषीदतु मयि क्षणमीक्षणार्ध-
मिन्दीवरोदरसहोदरमिन्दिरायाः॥३॥

श्री लक्ष्मी जी के अर्द्धोन्मीलित, नीलकमल के गर्भ के समान सुन्दर नेत्रों की कृपा-दृष्टि, जो संसार को पल भर में (अतिशय प्रेम के कारण उतावली में) इन्द्र-पद (स्वर्गीय-वैभव) तक देने में समर्थ है तथा जो श्री विष्णु के अत्यधिक आनन्द का कारण (अत्यधिक आनन्द प्रदान करने वाली) भी है, वह (कृपा-दृष्टि) क्षण भर के लिए मुझ पर भी स्थित हो। अर्थात् हे माँ लक्ष्मी! आपकी कृपा-दृष्टि मुझ पर भी हो जिससे मेरी अकिञ्चनता विलीन हो जाय।

आमीलिताक्षमधिगम्य मुदा मुकुन्द-
मानन्दकन्दमनिमेषमनङ्गतन्त्रम्।
आकेकरस्थितकनीनिकपक्ष्मनेत्रं
भूत्यै भवेन्मम भुजङ्गशयाङ्गनायाः॥४॥

प्रसन्नतापूर्वक अपलक नेत्रों से स्वयं (लक्ष्मी) की ओर निरन्तर देखते रहने वाले आनन्दघन मुकुन्द को, आँखें बन्द किए हुए अपने निकट पाकर, शेषशायी विष्णु की पत्नी जिस श्री लक्ष्मी के नेत्रों की पुतलियाँ तथा बौरानियाँ किञ्चित रोष के कारण तिरछी हो गई हैं, वह मेरे लिए समृद्धिकारक (धन-सम्पत्ति प्रदान करने वाली) हो।

बाह्वन्तरे मधुजितः श्रितकौस्तुभे या
हारावलीव हरिनीलमयी विभाति।
कामप्रदा भगवतोऽपि कटाक्षमाला
कल्याणमावहतु मे कमलालयायाः॥५॥

जो मधुसूदन (विष्णु) के वक्षःस्थल पर स्थित कौस्तुभ मणि पर इन्द्रनीलमयी हार की लड़ियों की भाँति सुशोभित होती है तथा जो भगवान को भी सुख (आनन्द) प्रदान करने वाली (अथवा भगवान के चित्त में भी प्रेम उत्पन्न करने वाली) है, कमल-निवासिनी श्री लक्ष्मी की वह कटाक्ष माला (बार-बार प्रेमवश वक्षः स्थल पर पड़ने तथा लज्जावश लौटने के कारण उत्पन्न तिरक्षी चितवनों की माला) मेरे लिए कल्याण का आवाहन करे अर्थात् मुझे कल्याण प्रदान करने वाली हो।

कालाम्बुदालिललितोरसि कैटभारे
र्धाराधरे स्फुरति या तडिदङ्गनेव।
मातुः समस्तजगतां महनीयमूर्ति-
र्भद्राणि मे दिशतु भार्गवनन्दनायाः॥६॥

बादलों में चमकने वाली बिजली की भाँति जो घनश्याम कैटभ-शत्रु श्री विष्णु के सुन्दर वक्षःस्थल पर रेखा की तरह प्रकाशित होती है, विश्वोत्पत्ति का कारण होने से जो समस्त संसार की माता-स्वरुप है तथा अपने जन्म से जिसने भृगु-वंश को आनन्द प्रदान किया है उस भृगु-तनया श्री लक्ष्मी की पूजनीय (आराध्य) मूर्ति मुझे मङ्गल प्रदान (मेरा कल्याण) करे।

प्राप्तं पदं प्रथमतः किल यत्प्रभावान्
माङ्गल्यभाजि मधुमाथिनि मन्मथेन।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

मय्यापतेत्तदिह मन्थरमीक्षणार्ध

मन्दालसं च मकरालयकन्यकाया:॥७॥

समुद्र-कन्या श्री लक्ष्मी की जिस अधखुले नेत्रों की प्रेम-पूर्ण, लजीली, धीरे-धीरे उठने वाली तिरछी चितवन (दृष्टि) के प्रभाव से कामदेव ने मङ्गल-स्वरुप मधुसूदन भगवान विष्णु के विभिन्न रूपों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही कृपा-दृष्टि यहाँ मुझ पर भी पड़े अर्थात् मेरा भी कल्याण करे।

दद्याद्दनुपवनो द्रविणाम्बुधारा-

मस्मिन्नकिञ्चनविहङ्गशिशौ विषण्णे।

दुष्कर्मघर्ममपनीय चिराय दूरं

नारायण प्रणयिनी नयनाम्बुवाह:॥८॥

श्री नारायण (विष्णु) प्रिया लक्ष्मी के नेत्र-रुपी बादल दयारूपी पवन से प्रेरित होकर चिरकाल (सदा) के लिए (मेरे) दुष्कर्म रूपी पाप से उत्पन्न ताप (कष्ट) को दूर कर, इस दीन-हीन दुख में पड़े हुए चातक-शिशु रूप मुझ पर धन-रूपी जलधारा की वृष्टि करें। तात्पर्य यह कि श्री लक्ष्मी जी अपनी कृपा-दृष्टि से मेरे समस्त पाप-ताप का हमेशा के लिए निवारण कर मुझे धन-सम्पत्ति प्रदान (मुझ पर स्वर्ण-कनकधारा की वर्षा) करें।

इष्टा विशिष्टमतयोऽपि यया दयार्द्र-

दृष्ट्या त्रिविष्टपपदं सुलभं लभन्ते।

दृष्टि: प्रहृष्टकमलोदरदीप्तिरिष्टां

पुष्टिं कृषीष्ट मम पुष्करविष्टराया:॥९॥

जिस कमलासना श्री लक्ष्मी की करुणामयी-कृपा दृष्टि से उनके प्रिय-पात्र विशिष्ट प्रज्ञावान (भक्त) लोग बिना किसी विशेष परिश्रम (साधना) के सरलतापूर्वक इन्द्र पद (स्वर्ग) को भी प्राप्त कर लेते हैं, उसकी विकसित कमल-गर्भ के समान दिव्याभा वाली कृपा-दृष्टि मेरी इच्छाओं को भी पुष्टि प्रदान करे अर्थात् मुझे भी सांसारिक सुख-सम्पत्ति प्रदान करे।

गीर्देवतेति गरुडध्वजसुन्दरीति

शाकम्भरीति शशिशेखरवल्लभेति।

सृष्टिस्थितिप्रलय केलिषु संस्थितायै

तस्यै नमस्त्रिभुवनैकगुरोस्तरुण्यै॥१०॥

जो विश्व की सृष्टि, स्थिति (रक्षण तथा पालन) तथा प्रलय लीला काल में क्रमश: वाग्देवता (सरस्वती), विष्णु-पत्नी लक्ष्मी, शाकम्भरी तथा शंकर (रुद्र)-प्रिया पार्वती (काली) के रूप में स्थित होकर क्रीड़ा करती है, उस त्रिभुवन के एकमात्र गुरु (सर्वोपरि-सर्वश्रेष्ठ) श्री नारायण की नित्य-यौवना प्रिया श्री महालक्ष्मी को प्रणाम है, अर्थात् मैं ब्रह्म, विष्णु, रूद्र तीनों की शक्ति (त्रि-शक्ति) रूप महालक्ष्मी को प्रणाम करता हूँ।

श्रुत्यै नमोऽस्तु शुभकर्मफलप्रसूत्यै
रत्यै नमोऽस्तु रमणीयगुणार्णवायै।
शक्त्यै नमोऽस्तु शतपत्रनिकेतनायै
पुष्ट्यै नमोऽस्तु पुरुषोत्तमवल्लभायै॥११॥

शुभ(सत्) कर्मों का फल देने वाली श्रुति को नमस्कार है। रमणीय (सुन्दर) गुणों की सागर-स्वरूपा रति को प्रणाम है। कमल-वन निवासिनी शक्ति एवं पुष्टि-स्वरूपा पुरुषोत्तम नारायण-प्रिया को नमस्कार है अर्थात् इन विभिन्न स्वरूपों वाली महालक्ष्मी को मैं प्रणाम करता हूँ।

नमोऽस्तु नालीकनिभाननायै
नमोऽस्तु दुग्धोदधिजन्मभूम्यै।
नमोऽस्तु सोमामृतसोदरायै
नमोऽस्तु नारायणवल्लभायै॥१२॥

कमल के समान मुख वाली(श्री लक्ष्मी-कमलनयना) को नमस्कार है। क्षीर-सागर जिसकी जन्म-भूमि (स्थान) है उस क्षीर-सागर-कन्या (श्री देवी-लक्ष्मी) को नमस्कार है। चन्द्रमा और अमृत की सहोदरा (तीनों के क्षीर-सागर से ही उत्पन्न होने के कारण) लक्ष्मी को प्रणाम है। इन विभिन्न (कमलानना, क्षीर-सागर-कन्या, सोमामृत सहोदरा) नामों वाली श्री नारायण-प्रिया महालक्ष्मी को मेरा प्रणाम है।

सम्पत्कराणि सकलेन्द्रियनन्दनानि
साम्राज्यदानविभवानि सरोरुहाक्षि।
त्वद्वन्दनानि दुरिताहरणोद्यतानि
मामेव मातरनिशं कलयन्तु मान्ये॥१३॥

हे माननीये पद्म विलोचनि माँ! आपकी वन्दनाएं (चरणों में बार-बार भक्ति सहित की गई स्तुतियाँ तथा प्रणाम) सम्पत्ति प्रदान करने वाली हैं अथवा सम्यक् रूप से (सम रूप परमात्मा-ब्रह्म में) पतन-गिराने(संयुक्त कराने) वाली हैं तात्पर्य यह कि मुक्ति प्रदान करने वाली हैं। साथ ही समस्त इन्द्रियों को इच्छित भोग प्रदान कर उन्हें आनन्दित करने वाली भी हैं अर्थात् भुक्ति एवं मुक्ति दोनों प्रदान करने में समर्थ हैं। ये पापों के समूह (सञ्चित, प्रारब्ध तथा कियमाण) को निरन्तर दूर करने में तत्पर रहते हुए सम्पूर्ण सृष्टि का साम्राज्य प्रदान करने वाली हैं अथवा अन्तःकरण के समस्त दोषों को दूर कर, आत्मा के नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्त स्वरूप का बोध कराकर 'सम्राडो भवति' के अनुसार जीवनमुक्ति प्रदान करने वाली हैं। हे माँ! आपकी कृपावश ये निरन्तर मुझे प्राप्त होती रहें अर्थात् अहर्निश मैं आपकी वन्दना में संलग्न रहूँ।

यत्कटाक्षसमुपासनाविधिः
सेवकस्य सकलार्थ संपदः।
सन्तनोति वचनाङ्गमानसै
स्त्वां मुरारिहृदयेश्वरीं भजे॥१४॥

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

सम्यक् रूप से विधिपूर्वक की गई उपासना (भक्ति सहित पूजार्चनादि) से प्रसन्न हुई जिसकी कृपा दृष्टि अपने सेवक की समस्त मनोवांछित सम्पत्तियों (सुखों) का विस्तार करती है अर्थात् उसे इच्छित पदार्थ प्रदान करने के साथ ही उनकी वृद्धि भी करती रहती है, उस मुरारि-हृदयेश्वरी (विष्णु-प्रिया) श्री लक्ष्मी का मन, वचन और शरीर के द्वारा (उसकी वही कृपादृष्टि प्राप्त करने के लिए) मैं भजन करता हूँ। सम्पूर्ण चराचर सृष्टि को अपने इष्ट-देव का ही स्वरूप मानकर यथावत् व्यवहार करते हुए मन, वाणी और कर्म (शरीर) द्वारा प्रसन्नतापूर्वक उसकी सेवा करना ही वास्तविक रूप से इष्ट-भजन है।

सरसिजनिलये सरोजहस्ते
धवलतमांशुक गन्धमाल्यशोभे।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे
त्रिभुवनभूतिकरि प्रसीद मह्यम्॥१५॥

कमल में निवास करने वाली, हाथ में कमल धारण करने वाली, अत्यन्त धवल (स्वच्छ श्वेत) वस्त्र, गन्ध (चन्दनादि) और माला से शोभायमान तीनों लोकों की सृष्टि (कल्याण अथवा समृद्धि) करने वाली तथा निज-भक्तों के मनोभावों को भली-भाँति जानने वाली षडैश्वर्य सम्पन्ना (भगवती) हे विष्णु-प्रिया लक्ष्मी! आप मुझ पर प्रसन्न हों अर्थात् मुझ पर कृपा करके मेरी अभिलाषा पूरी करें।

दिग्घस्तिभिः कनककुम्भमुखावसृष्ट-
स्वर्वाहिनीविमलचारुजलप्लुताङ्गीम्।
प्रातर्नमामि जगतां जननीमशेष-
लोकाधिनाथगृहिणीममृताब्धिपुत्रीम्॥१६॥

चारों दिशाओं के गजराजों के द्वारा, स्वर्गङ्गा के निर्मल-पवित्र जल से भरे हुए स्वर्ण-कलशों से की गई वृष्टि द्वारा जिसके समस्त अङ्ग भीगे हुए (अभिषिक्त) हैं उस विश्व-माता, अमृत-सिन्धु-तनया, सर्वलोकेश नारायण की पत्नी श्री लक्ष्मी को मैं प्रातः काल (बोध-प्राप्त-काल से ही निरन्तर) प्रणाम करता हूँ।

कमले कमलाक्षवल्लभे त्वं
करुणापूरतरङ्गितैरपाङ्गैः।
अवलोकय मामकिञ्चनानां
प्रथमं पात्रमकृत्रिमं दयायाः॥१७॥

हे कमल-नयन विष्णु प्रिये कमले! समस्त आश्रयों से रहित सर्वथा दीन-हीन अकिञ्चनों में प्रथम अर्थात् सबसे अधिक दुर्भाग्यशाली मुझको आप अपनी दया से पूर्ण चञ्चल नेत्रों द्वारा (क्षण भर के लिए ही) देखें। मेरी समस्त कामनाओं को पूर्ण करने के लिए आपकी क्षणार्ध-दृष्टि ही पर्याप्त है। मैं आपकी दया (कृपा प्राप्त करने) का वास्तविक (बनावटी नहीं) पात्र-अधिकारी हूँ।

।फलश्रुति।।

स्तुवन्ति ये स्तुतिभिरमूभिरन्वहं
त्रयीमयीं त्रिभुवनमातरं रमाम्।
गुणाधिका गुरुतरभाग्यभाजिनो
भवन्ति ते भुवि बुधभाविताशयाः॥१८॥

जो लोग इस पृथ्वी पर (संसार में) इन स्तुतियों द्वारा प्रतिदिन वेदत्रयी (त्रिशक्ति)-स्वरूपा, त्रिलोक जननी भगवती श्री लक्ष्मी की स्तुति (प्रशंसा-उपासना) करते हैं (करेंगे) वे अत्यधिक गुणवान और बड़े ही सौभाग्यशाली होते हैं (होवेंगे)। इसके साथ ही वे विद्वानों का पालन-पोषण व संरक्षण करने वाले भी होते हैं (होवेंगे)।

पाठ के पश्चात् पुनः न्यासादि करके भगवती महालक्ष्मी को पाठ समर्पित करें-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गुह्याति गुह्यगोप्त्री त्वं0

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अनेन कनकधारा स्तोत्र पाठेन श्रीमहालक्ष्मी देवता प्रीयतां न मम।

सर्वसाम्राज्य लक्ष्मी मंत्र प्रयोग

दक्षिणामूर्ति संहिता के अनुसार यह साम्राज्य लक्ष्मी (विद्या) सर्वसाम्राज्य प्रदायिनी है। इस विद्या की आराधना के फलस्वरूप ही विष्णु पृथ्वी एवं लक्ष्मी के स्वामी हुए।

साधक प्रातः कृत्यादि से लेकर योगपीठ न्यास तक की सम्पूर्ण क्रियाओं को सम्पन्न कर मूल मंत्र से तीन बार प्राणायाम करके विनियोगादि करें -

मंत्र -

'श्रीं सकल ह्रीं श्रीं'

विनियोग :-

ॐ अस्य सर्व साम्राज्य लक्ष्मी मंत्रस्य हर ऋषिः, गायत्री छन्दः, श्री सर्व साम्राज्य लक्ष्मी देवता सकल ह्रीं बीजं श्रीं शक्तिः सर्वसाम्राज्यलक्ष्मी देवता प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास

हरये ऋषये नमः	**शिरसि।**
गायत्री छन्दसे नमः	**मुखे।**
सर्व-साम्राज्य लक्ष्मी देवतायै नमः	**हृदि।**
सकल ह्रीं बीजाय नमः	**गुह्ये।**
श्रीं शक्तये नमः	**पादयोः।**
विनियोगाय नमः	**सर्वाङ्गे।**

कर-न्यास	षडङ्ग-न्यास
सकलां अंगुष्ठाभ्यां नमः।	**हृदयाय नमः।**
सकलीं तर्जनीभ्यां नमः।	**शिरसे स्वाहा।**
सकलूं मध्यमाभ्यां नमः।	**शिखायै वषट्।**
सकलैं अनामिकाभ्यां नमः	**कवचाय हुम्।**
सकलौं कनिष्ठकाभ्यां नमः।	**नेत्रत्रयाय वौषट्।**
सकलः कर-तल कर पृष्ठाभ्यां नमः।	**अस्त्राय फट्।**

दिग्-बन्धन - **'ॐ भूर्भुवः स्वरोम'** से दिग्-बन्धन करें।

ध्यान - **अतसी पुष्प संकाशां रत्नभूषण भूषिताम्।**
शङ्ख चक्र गदापद्मशार्ङ्गबाणधरां करैः॥
षड्भिः कराभ्यां देवेशि वरदाभय शोभिताम्। (ध्यायेदिति शेषः)

इस प्रकार ध्यान करके भगवती लक्ष्मी का 'मानसोपचार पूजन' करें। यथा-

१ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं सर्व-साम्राज्य-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि (अधोमुख-कनिष्ठांगुष्ठ मुद्रा)। **२ हं आकाशात्मकं पुष्पं सर्व-साम्राज्य-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (अधोमुख-तर्जनी-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **३ यं वाय्वात्मकं धूपं सर्व-साम्राज्य-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-तर्जनी-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **४ रं वह्न्यात्मकं दीपं सर्व-साम्राज्य-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-मध्यमा-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **५ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं सर्व-साम्राज्य-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-अनामा-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **६ शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं सर्व-साम्राज्य-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-सर्वांगुलि-मुद्रा)।

अब सर्व-देवोपयोगी पद्धति से **अर्घ्य** एवं **पाद्य-आचमनीय आदि पात्रों की स्थापना** करके **पीठ-पूजन** करें।

'पूजन यन्त्र' की स्थापना करके मण्डूकादि-पर-तत्त्वान्त देवताओं की पूजा करें। तत्पश्चात् पूर्वादि-क्रम से **भगवती लक्ष्मी** की **'पीठ-शक्तियों'** की अर्चना करें। यथा-



श्री विभूत्यै नमः, श्री उन्नत्यै नमः, श्री कान्त्यै नमः, श्री सृष्ट्यै नमः, श्री कीर्त्यै नमः, श्री सन्नत्यै नमः, श्री व्युष्ट्यै नमः, श्री उत्कृष्ट्यै नमः। मध्य में - **'श्री ऋद्ध्यै नमः।**

पुष्पाञ्जलि समर्पित कर मध्य में पुष्पासन की कल्पना करके ''श्री सर्व-शक्ति-कमलासनाय नमः'' इस मंत्र से समग्र पीठ का अर्चन करें।

इसके पश्चात् 'सहस्रार' में श्री गुरुदेव का ध्यान पूजन कर उनसे आज्ञा प्राप्त करके पुनः पूर्ववत् 'षडङ्ग-न्यास' करें। भगवती लक्ष्मी का ध्यान कर 'पर संवित्-स्वरूपिणी-तेजोमयी देवी, 'सर्व साम्राज्य लक्ष्मी' को नासापुट से पुष्पाञ्जलि में लाकर आह्वान करें। यथा -

ॐ देवेशि! भक्ति-सुलभे, परिवार-समन्विते!

यावत् त्वां पूजयिष्यामि, तावत् त्वं स्थिरा भव!

हिरण्य-वर्णा हरिणीं, सुवर्ण-रजत-स्रजाम्।

चन्द्रां हिरण्य-मयी लक्ष्मीं, जातवेदो ममावह॥

सर्वसाम्राज्य लक्ष्मी इहागच्छ, इहागच्छ, इह सन्तिष्ठ, इह सन्तिष्ठ, इह सन्निधेहि, इह सन्निधेहि, इह सन्निरुध्वस्व, इह सन्निरुध्वस्व, इह सम्मुखी भव, इह अवगुण्ठिता भव!

आवाहनादि नव मुद्राएँ दिखाकर 'अमृतीकरण' एवं 'परमीकरण' करके - ''ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः श्रीमहा-लक्ष्मी-देवतायाः प्राणाः। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः श्रीमहा-लक्ष्मी-देवतायाः जीव इह स्थितः। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः श्रीमहा-लक्ष्मी-देवतायाः सर्वेन्द्रियाणि। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः श्रीमहा-लक्ष्मी-देवतायाः वाङ्-मनो-चक्षु-श्रोत्र-घ्राण-प्राण पदानि इहैवागत्य सुखं चिर तिष्ठन्तु स्वाहा।'' इस प्राण प्रतिष्ठा मन्त्र से लेलिहान मुद्रापूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा करें।

इसके बाद सर्वसाम्राज्य लक्ष्मी का 'षोडशोपचार पूजन' करें।

'आवरण-अर्चन'

भगवती से अनुमति मांगकर उनके परिवार की अर्चना हेतु 'आवरणार्चन' करें।

ॐ मूलं संविन्मयि! परे देवि! परामृत रस-प्रिये।

अनुज्ञां देहि मे मातः! परिवारार्चनाय ते॥

प्रथमावरण - त्रिकोण में

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गायत्र्यै नमः। गायत्री श्री पादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सावित्र्यै नमः। सावत्री श्री पादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं सरस्वत्यै नमः। सरस्वती श्री पादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

प्रथमावरण का पूजन फल समर्पित करें-

ॐ अभीष्ट - सिद्धिं मे देहि, शरणागत वत्सले।

भक्त्या समर्पये तुभ्यं, प्रथमावरणार्चनम्॥

पूजिताः तर्पिताः सन्तु सर्वसाम्राज्य लक्ष्म्यै नमः।

पुष्पाञ्जलि प्रदान करें।

द्वितीयावरण - षट्-कोण में

४ सकलां हृदयाय नमः। हृदय श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ सकलीं शिरसे स्वाहा। शिर श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ सकलूं शिखायै वषट्। शिखा श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ सकलैं कवचाय हुं। कवच श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ सकलौं नेत्रत्रयाय वौषट्। नेत्र श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ सकलः अस्त्राय फट्। अस्त्र श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

द्वितीयावरण अर्चन समर्पण -

ॐ अभीष्ट-सिद्धिं..............द्वितीयावरणार्चनम्॥

पूजिताः तर्पिताः सन्तु सर्वसाम्राज्य लक्ष्म्यै नमः।

तृतीयावरण - अष्ट-दल-कमल में

४ ब्राह्म्यै नमः। ब्राह्मी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ माहेश्वर्यै नमः। माहेश्वरी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ कौमार्यै नमः। कौमारी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ वैष्णव्यै नमः। वैष्णवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ वाराह्यै नमः। वाराही श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ इन्द्राण्यै नमः। इन्द्राणी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ चामुण्डायै नमः। चामुण्डा श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ महालक्ष्म्यै नमः। महालक्ष्मी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

पूर्ववत् तृतीयावरण अर्चन समर्पण

ॐ अभीष्ट-सिद्धिं..............तृतीयावरणार्चनम्॥

पूजिताः तर्पिताः सन्तु सर्वसाम्राज्य लक्ष्म्यै नमः।

चतुरस्र में -

४ अष्टादश महाकोटि योगिनीभ्यो नमः। अष्टादश महाकोटि योगिनी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चतुर्थावरण - भू-पुर मे पूर्वादि क्रम से-

४ लं इन्द्राय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ रं अग्नये नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ यं यमाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ क्षं निर्ऋत्ये नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ वं वरुणाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ यं वायवे नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ सं सोमाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ हं ईशानाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ आं अनन्ताय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

४ ह्रीं ब्रह्मणे नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

पूर्ववत् चतुर्थावरण अर्चन समर्पण

ॐ अभीष्ट-सिद्धिं..............चतुर्थावरणार्चनम्॥

पूजिताः तर्पिताः सन्तु सर्वसाम्राज्य लक्ष्म्यै नमः।

पञ्चावरण - इन्द्रादि दिग्पालों के समीप -

४ वं वज्राय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

४ शं शक्त्यै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ दं दण्डाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ खं खड्गाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ पं पाशाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ ध्वं ध्वजाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ गं गदायै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ त्रिं त्रिशूलाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ चं चक्राय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४ पं पद्माय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

पूर्ववत् पञ्चमावरण अर्चन समर्पण

ॐ अभीष्ट-सिद्धिं............पञ्चमावरणार्चनम्॥
पूजिताः तर्पिताः सन्तु सर्वसाम्राज्य लक्ष्म्यै नमः।

पुनः देवी की पूजा गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्यादि से करके क्रमशः बटुक, योगिनी, गणेश, क्षेत्रपाल को वलि प्रदान करें।

इसके वाद भगवती का ध्यान करके मंत्र जप प्रारम्भ करें।

साधक संयतचित्त होकर यदि तीन लाख मंत्र जप करे और उसका दशांश हवन कमल द्वारा करे तो उसे साम्राज्य सिद्धि प्राप्त होती है।

दरिद्रता नाशक प्रयोग -

१. वक्षः स्थल तक गहरे जल में खड़े होकर 'सूर्य-विम्व' में लक्ष्मी का ध्यान करता हुआ साधक यदि इस मंत्र का एक अथवा तीन लाख जप करे तो वह दरिद्रता से मुक्त हो जाता है।

२. उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में श्री महालक्ष्मी का विधिवत् षोडशोपचार पूजन करके त्रिमधुयुक्त नन्द्यावर्त (तगर) के पुष्पों द्वारा एक हजार आहुतियों से हवन करने पर अथवा पूर्णमासी को त्रिमधु सहित एक हजार बिल्व फलों से या शुक्ल पक्ष की पञ्चमी तिथि को एक हजार श्वेत कमलों से या भृगुवार (शुक्रवार) को श्वेत रंग के किसी भी पुष्प द्वारा इतनी ही आहुतियों से हवन करने वाला साधक एक वर्ष में ही कुबेर के समान सम्पत्तिशाली हो जाता है।

३. यदि साधक की निजी भूमि पर पूर्णरूप से विकसित बिल्व वृक्ष हो तो उसके पञ्चाङ्गों (पत्रों, पुष्पों, फलों, शाखाओं तथा जड़ों) को त्रिमधु से युक्त कर प्रतिदिन इस मंत्र द्वारा एक हजार आठ बार हवन करे तो साधक उनचास दिनों के भीतर ही साक्षात् 'श्रीमहालक्ष्मी' का दर्शन प्राप्त करता है तथा उसके कुल में कभी भी अलक्ष्मी अथवा दरिद्रता का निवास नहीं होता है।

दारिद्र्य निवारण प्रयोग

(सौन्दर्यलहरी मंत्र-३ प्रयोग)

विनियोग :-

ॐ अस्य श्रीत्रिपुर-सुन्दरी महाविद्या शताक्षरी बीज मन्त्राणां 'अविद्या नामन्तस्तिमिर, इति तृतीय मन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। 'अ' बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकं। मम दारिद्र्य-निवारणार्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास

ईशान भैरवाय ऋषये नमः	शिरसि।
गायत्र्यनुष्टुप् छन्दोभ्यां नमः	मुखे।
श्रीमहात्रिपुर सुन्दर्यै देवतायै नमः	हृदि।
अ बीजाय नमः	लिङ्गे।
ह्रीं शक्त्यै नमः	नाभौ।
ॐ आं ह्रीं कीलकाय नमः	पादयोः।
मम दारिद्र्य निवारणार्थे जपे विनियोगाय नमः	अञ्जलौ।

	कर-न्यास	षडङ्ग-न्यास
ह्रां	अंगुष्ठाभ्यां नमः।	हृदयाय नमः।
ह्रीं	तर्जनीभ्यां स्वाहा।	शिरसे स्वाहा।
ह्रूं	मध्यमाभ्यां वषट्।	शिखायै वषट्।
ह्रैं	अनामिकाभ्यां हुं।	कवचाय हुम्।
ह्रौं	कनिष्ठकाभ्यां वौषट्।	नेत्रत्रयाय वौषट्।
ह्रः	कर-तल कर पृष्ठाभ्यां फट्।	अस्त्राय फट्।

ध्यान - लौहित्य निर्जित जपा कुसुमानुरागाम्, पाशांकुशौ धनुरिषूनपि धारयन्तीम्।
ताम्रेक्षणामरुण माल्य विशेष भूषाम्, ताम्बूल पूरित मुखीं त्रिपुरां नमामि॥

पञ्चोपचार पूजन - लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि नमः। हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि नमः। यं वाय्वात्मकं धूपं आघ्रापयामि नमः। रं वह्न्यात्मकं दीपं दर्शयामि नमः। वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि नमः। सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं समर्पयामि नमः।

मन्त्र - अविद्या नामन्तस्तिमिर मिहिर द्वीप नगरी, जड़ानां चैतन्य स्तबक मकरन्द स्रुति झरी।
दरिद्राणां चिन्तामणि गुणनिका जन्म जलधौ, निमग्नानां दंष्ट्रा मुर-रिपु वराहस्य भवती॥३॥

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

अनुष्ठान विधि - नीचे दिए गये चित्रानुसार यंत्र का स्वर्णादि पत्र पर चन्दन द्वारा लिखकर अथवा उत्कीर्ण करवा कर विधिवत् पूजन स्थापन करके उसके मध्य में श्रीमहात्रिपुर सुन्दरी का पूजन करें। इसके बाद बीजाक्षर 'अ' का निम्नवत् ध्यान करें-

केतकी पुष्प गर्भाभां, द्वि-भुजां हंस लोचनाम्।
शुक्ल पट्टाम्बरा धरां, पद्म माला विभूषिताम्।।
चतुर्वर्ग प्रदां नित्य, नित्यानन्द-मयीं पराम्।
वराभय-करां देवीं, नाग-पाश-समन्वितम्।।
श्रृणु तत्तवमकारस्य, अति-गोप्यं वरानने!
शरच्चन्द्र - प्रतीकाशं, पञ्च कोण मयं सदा।।
पञ्च देव मयं वर्ण, शक्ति द्वय समन्वितम्।
निर्गुणं सगुणोपेतं, स्वयं कैवल्य मूर्तिमान्।।
बिन्दु द्वय मयं वर्ण, स्वयं प्रकृति रूपिणी।



ध्यान के पश्चात् मंत्र का प्रतिदिन १००० जप (१५ अथवा ५० दिनों तक) करें। जप का दशांश हवन **'अं स्वाहा'** से, हवन का दशांश मार्जन **'अं मार्जयामि नमः'** से तथा मार्जन की ही संख्या में तर्पण **'अं तर्पयामि नमः'** से करें। तर्पण के पश्चात पुनः १० बार मंत्र (श्लोक) का पाठ करें। फिर एक बार मंत्र बोलकर पूर्ण आहुति दें।

हवनीय द्रव - रक्त पुष्प-बिल्व, तिल, यव तथा घृत।

नैवेद्य - उड़द का पुआ।

सर्व-देव-कृतं लक्ष्मी स्तोत्रम्

नित्य प्रातः काल उठकर जो साधक इस स्तोत्र का भक्तिपूर्वक पाठ करता है उसकी समस्त कामनायें पूर्ण होती हैं। इस स्तोत्र पाठ के फलस्वरूप धन-सम्पत्ति, बन्धु-बान्धव यश-कीर्ति आदि से किसी भी प्रकार वंचित हुआ व्यक्ति पुनः पूर्ववत् उसे प्राप्त कर लेता है। जीवन पर्यन्त पाठ करने वाला लौकिक भोगों को भोगकर अन्त में मोक्ष का अधिकारी होता है।

क्षमस्व भगवत्यम्ब! क्षमा-शीले परात्परे!।
शुद्ध-सत्त्व-स्वरूपे च, कोपादि परिवर्जिते।।१

उपमे सर्व - साध्वीनां, देवीनां देव - पूजिते!
त्वया विना जगत्-सर्वं, मृत तुल्यं च निष्फलम्।।२

सर्व-सम्पत् स्वरूपा त्वं, सर्वेषां सर्व-रूपिणी।
रासेश्वर्याधि-देवी त्वं, त्वत्-कलाः सर्व-योषितः।।३

कैलासे पार्वती त्वं च, क्षीरोदे सिन्धु-कन्यका।
स्वर्गे च स्वर्ग-लक्ष्मीस्त्वं, मर्त्य-लक्ष्मीश्च भू-तले।।४

वैकुण्ठे च महा-लक्ष्मीः, देव-देवी सरस्वती।
गङ्गा च तुलसी त्वं च, सावित्री ब्रह्म-लोकतः।।५

कृष्ण-प्राणाधि-देवी त्वं, गो-लोके राधिका स्वयम्।
रासे रासेश्वरी त्वं च, वृन्दावन - वने वने।।६

कृष्ण - प्रिया त्वं भाण्डीरे, चन्द्रा चन्दन - कानने।
विरजा चम्पक - वने, शत - श्रृंङ्गे च सुन्दरी।।७

पद्मावती पद्म - वने, मालती-मालती - वने।
कुन्द - दन्ती कुन्द - वने, सुशीला केतकी-वने।।८

कदम्ब-माला त्वं देवी, कदम्ब-काननेऽपि च।
राज-लक्ष्मी राज-गेहे, गृह - लक्ष्मीर्गृहे गृहे।।९

।।फल-श्रुति।।

इत्युक्त्वा देवताः सर्वे, मुनयो मनवस्तथा।
रुरुदुर्नम्र - वन्दनाः, शुष्क-कण्ठोष्क-तालुकाः।।१

इति लक्ष्मीः - स्तवं पुण्यं, सर्व - देवैः कृतं शुभम्।
यः पठेत् प्रातरुत्थाय, स वै सर्वं लभेद् ध्रुवम्।।२

अ - भार्यो लभते भार्यां, विनीतां च सुतां सतीम्।
सुशीलां सुन्दरीं रम्यामति - सुप्रिय - वादिनीम्।।३

पुत्र - पौत्रवतीं शुद्धां, कुलजां कोमलां वराम्।
अपुत्रो लभते पुत्रं, वैष्णवं चिर - जीवनम्।।४
परमैश्वर्य - युक्तं च, विद्या - वन्तं यशस्विनम्।
भ्रष्ट-राज्यो लभेद् राज्यं, भ्रष्ट-श्रीर्लभते श्रियम्।।५
हृत - बन्धुर्लभेद् बन्धुं, धन - भ्रष्टो धनं लभेत्।
कीर्ति-हीनो लभेत् कीर्तिं, प्रतिष्ठां च लभेद् ध्रुवम्।।६
सर्व - मङ्गलदं स्तोत्रं, शोक-सन्ताप-नाशनम्।
हर्षानन्द - करं शश्वर्द्धम - मोक्ष - सुहृत्-प्रदम्।।७

।। सर्व-देव-कृतं लक्ष्मी-स्तोत्रम्।।

दरिद्रता-नाशक सूक्त

(ऋग्-वेद)

अरायि काणे विकटे गिरिं गच्छ सदान्वे।
शिरिन्विठस्य सत्त्वभिस्तेऽभिष्ट्वा चातयामसि।।१
चत्तो इतश्चत्तामुतः सर्वा भ्रणान्यारूषी।
अराय्यं ब्रह्मणस्पते! तीक्ष्ण - शृङ्गोदषन्निहि।।२
अदो यद्दारु प्लवते, सिन्धो पारे अपूरुषम्।
तदा रभस्व दुर्हणो, तेन गच्छ परस्तरम्।।३
यद्ध प्राचीर - जगन्तोरो मण्डूर - धाणिकीः।
हत इन्द्रस्य शत्रवः, सर्वे बुद् - बुदयाशवः।।४

'श्रीसूक्त' विधान

विनियोग :- ॐ हिरण्य-वर्णामित्यादि-पञ्चदशर्चस्य श्री सूक्तस्याद्यायाः ऋचः श्री ऋषिः, तां म आवहेति चतुर्दशानामृचां आनन्द-कर्दम-चिक्लीत-इन्दिरा-सुताश्चत्वारः ऋषयः, आद्य-मन्त्र-त्रयाणां अनुष्टुप् छन्दः, कांसोऽस्मीत्यस्याः चतुर्थ्या वृहती छनदः, पञ्चम-षष्ठयोः त्रिष्टुप् छन्दः, ततोऽष्टावनुष्टुभः, अन्त्या प्रस्तार-पंक्तिः छन्दः। श्रीरग्निश्च देवते। हिरण्य-वर्णा बीजं। ''तां म आवह जातवेद'' शक्तिः। ''कीर्तिमृद्धिं ददातु मे'' कीलकम्। मम श्रीमहालक्ष्मी -प्रसाद-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यासः

श्री आनन्द कर्दम चिक्लीत इन्दिरा सुतेभ्यः ऋषिभ्यो नमः	शिरसि।
अनुष्टुप् बृहती त्रिष्टुप् प्रस्तार पंक्ति छन्दोभ्यो नमः	मुखे।
श्रीरग्नि देवताभ्यां नमः	हृदि।
हिरण्य वर्णा बीजाय नमः	गुह्ये।
तां म आवह जातवेद शक्त्यै नमः	पादयोः।
कीर्तिमृद्धिं ददातु मे कीलकाय नमः	नाभौ।
मम श्रीमहालक्ष्मी प्रसाद सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगाय नमः	सर्वाङ्गे।

अङ्ग-न्यासः - 'श्री-सूक्त' के मन्त्रों में से एक-एक मन्त्र का उच्चारण करते हुए दाहिने हाथ की अँगुलियों से क्रमशः सिर, नेत्र, कान, नासिका, मुख, कण्ठ, दोनों बाहु, हृदय, नाभि, लिङ्ग, पायु (गुदा), उरु (जाँघ), जानु (घुटना), जङ्घा और पैरों में न्यास करें। यथा-

१. ॐ हिरण्य-वर्णा हरिणीं, सुवर्ण-रजत-स्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्यमीं लक्ष्मीं, जात-वेदो म आवह॥ - शिरसि।

२. ॐ तां म आवह जात-वेदो, लक्ष्मीमनप-गामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं, गामश्वं पुरुषानहम्॥ - नेत्रयोः।

३. ॐ अश्व पूर्वा रथ-मध्यां, हस्ति-नाद-प्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये, श्रीर्मा देवी जुषताम्॥ - कर्णयोः।

४. ॐ कांसोऽस्मि तां हिरण्य-प्रकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्ती।
पद्मे स्थितां पद्म - वर्णा तामिहोपह्वये श्रियम्॥ - नासिकायाम्।

५. ॐ चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देव-जुष्टामुदाराम्।
तां पद्म-नेमिं शरणमहं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि॥- मुखे।

६. ॐ आदित्य वर्णे! तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुन्दतु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥- कण्ठे।

दारिद्र्यध्वंसिनी-प्रयोग

७. ॐ उपैतु मां देव-सखः, कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादूर्भुतोऽस्मि राष्ट्रेस्मिन्, कीर्तिं वृद्धिं ददातु मे॥ - बाह्वोः।

८. ॐ क्षुत्-पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मींनाशयाम्यहं।
अभूतिमसमृद्धिं च, सर्वान् निर्णुद मे गृहात्॥ - हृदये।

९. ॐ गन्ध-द्वारां दुराधर्षां, नित्य पुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्व-भूतानां, तामिहोपह्वये श्रियम्। - नाभौ।

१०. ॐ मनसः काममाकूतिं, वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य, मयि श्रीः श्रयतां यशः॥ - लिङ्गे।

११. ॐ कर्दमेन प्रजा - भूता, मयि सम्भव - कर्दम!
श्रियं वासय मे कुले, मातरं पद्म-मालिनीम्॥ - पायौ।

१२. ॐ आपः सृजन्तु स्निग्धानि, चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥ - उर्वोः।

१३. ॐ आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं, पिङ्गलां पद्म-मालिनीं।
चन्द्रां हिरणमयीं लक्ष्मीं, जात-वेदो म आवह॥ - जान्वोः।

१४. ॐ आर्द्रां यष्करिणीं यष्टिं, सुवर्णां हेम-मालिनीम्।
सूर्यां हिरणमयीं लक्ष्मीं, जात-वेदो म आवह॥ - जङ्घयोः।

१५. ॐ तां म आवह जात - वेदो लक्ष्मीमनप-गामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयं पुरुषानहम्॥- पादयोः।

कर-न्यासः - **ॐ हिरण्य-मय्यै नमः** - अंगुष्ठाभ्यां नमः। **ॐ चन्द्रायै नमः** - तर्जनीभ्यां नमः। **ॐ रजत-स्रजायै नमः** - मध्यमाभ्यां नमः। **ॐ हिरण्य-स्रजायै नमः** - अनामिकाभ्यां नमः। **ॐ हिरण्यायै नमः** - कनिष्ठकाभ्यां नमः। **ॐ हिरण्य-वर्णायै नमः** - करतल-कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि-न्यासः - **ॐ हिरण्य-मय्यै नमः** - हृदयाय नमः। **ॐ चन्द्रायै नमः** - शिरसे स्वाहा। **ॐ रजत-स्रजायै नमः** - शिखायै वषट्। **ॐ हिरण्य-स्रजायै नमः** - कवचाय हुम्। **ॐ हिरण्यायै नमः** - नेत्रत्रयाय वौषट्। **ॐ हिरण्य-वर्णायै नमः** - अस्त्राय फट्।

दिग्-बन्धन - **'ॐ भूभुर्वः स्वरोम्'** से दिग्-बन्धन करें।

ध्यान -**या सा पद्मासनस्था विपुल-कटि-तटी पद्म-पत्रायताक्षी,**
गम्भीरावर्त्त-नाभि-स्तन-भार-नमिता शुभ्र-वस्त्रोत्तरीया।
लक्ष्मीर्दिव्यैर्गन्ध-मणि-गण-खचितैः स्नापिता हेम कुम्भैः,
नित्सं सा पद्म-हस्ता मम वसतु गृहे सर्व-माङ्गल्य-युक्ता॥
अरुण-कमल-संस्था, तद्रजः - पुञ्ज - वर्णा,
कर - कमल-धृतेष्टाभीति-युग्माम्बुजा च।

मणि-मुकुट-विचित्राऽलङ्कृता कल्प - जालैः,

सकल-भुवन-माता, सन्ततं श्रीः श्रियै नः॥

इस प्रकार ध्यान करके **भगवती लक्ष्मी** का '**मानसोपचार पूजन** करें। यथा - **१ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्री महा-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (अधोमुख-कनिष्ठांगुष्ठ मुद्रा)। **२ हं आकाशात्मकं पुष्पं श्री महा-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (अधोमुख-तर्जनी-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **३ यं वाय्वात्मकं धूपं श्री महा-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-तर्जनी-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **४ रं वह्न्यात्मकं दीपं श्री महा-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-मध्यमा-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **५ वं अमृतात्मकं नैवद्यं श्री महा-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-अनामा-अंगुष्ठ-मुद्रा)। **६ शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं श्री महा-लक्ष्मी श्री पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-सर्वांगुलि-मुद्रा)।

अब सर्व-देवोपयोगी पद्धति से अर्घ्य एवं पाद्य-आचमनीय आदि पात्रों की स्थापना करके पीठ-पूजन करें।

'**सर्वतोभद्र-मण्डल**' आदि पर निम्न '**पूजन-यन्त्र**' की स्थापना करके मण्डूकादि-पर' तत्त्वान्त देवताओं की पूजा करें। तत्पश्चात् पूर्वादि-क्रम से **भगवती लक्ष्मी की पीठ शक्तियों** की अर्चना करें। यथा -



श्री विभूत्यै नमः, श्री उन्नत्यै नमः, श्री कान्त्यै नमः, श्री सृष्ट्यै नमः, श्री कीर्त्यै नमः, श्री सन्नत्यै नमः, श्री व्युष्ट्यै नमः, श्री उत्कृष्ट्यै नमः।

पाद्य - **ॐ कांसोस्मि तां हिरण्य-प्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।**

पद्मे स्थितां पद्म-वर्णां तामिहोपह्वये श्रियम्॥

॥ श्री महा-लक्ष्म्यै पाद्यं कल्पयामि नमः॥

चरण-कमलों में 'पाद्य' समर्पित करके प्रणाम करें।

आचमनीय -**ॐ चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देव-जुष्टामुदाराम्।**

तां पद्म-नेमिं शरणमहं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि॥

॥ श्री महा-लक्ष्म्यै आचमनीयं कल्पयामि नमः॥

मुख में 'आचमन' प्रदान करके प्रणाम करें।

मधु-पर्क -

ॐ आदित्य-वर्णे! तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥
॥ श्री महा-लक्ष्म्यै मधुपर्कं कल्पयामि स्वधा। पुनराचमनीयम् कल्पयामि॥

पुनः 'आचमन' समर्पित करें।

स्नान- (सुगन्धित द्रव्यों से उद्वर्तन करके 'स्नान' करायें) -

ॐ उपैतु मां देव-सखः, कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादूर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन्, कीर्तिं वृद्धिं ददातु मे॥
॥ श्री महा-लक्ष्म्यै स्नानं कल्पयामि नमः॥

'स्नान' कराकर केशादि मार्जन करने के बाद वस्त्र प्रदान करें। इसके पूर्व पुनः 'आचमन' करायें।

वस्त्र -

